

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,गुरुवार 25 सितंबर 2025 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-179 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 26 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## पीएम मोदी ने जीएसटी में और ज्यादा कटौती के दिए संकेत

**नई दिल्ली,25 सितंबर।** नवरात्रि के पहले दिन (22 सितंबर) गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (GST) में भारी कटौती का तोहफा देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और खुशखबरी दी है। पीएम मोदी ने भविष्य में टैक्स में और ज्यादा कमी का संकेत दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ टैक्स कम होता जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 में एक लाख की खरीदारी पर करीब 25 हजार का टैक्स लगता था, जो अब घटकर 5-6 हजार रह गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी इंटरनेशल ट्रेड शो का आगाज करते हुए गुरुवार को जीएसटी में हुई कटौती और इससे हो रही बचत का विस्तार से जिक्र किया। उन्होंने भविष्य में भी इसमें कमी का संकेत देते हुए कहा, 'आज देश जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। मैं आपको बताना चाहता हूं हम यहीं नहीं रुकने वाले। 2017 में हम जीएसटी लाए, आर्थिक मजबूती का काम किया। 2025 में फिर से लाए, फिर आर्थिक मजबूती करेंगे और जैसे-जैसे आर्थिक मजबूती होगी टैक्स का बोझ कम होता जाएगा। देशवासियों के आशीर्वाद से जीएसटी रिफॉर्म का सिलसिला निरंतर चलता रहेगा।' पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले इतने सारे टैक्स थे। एक प्रकार से टैक्स का जंजाल था। उसके कारण बिजनेस की कॉस्ट और परिवार का बजट दोनों ही कभी भी संतुलित नहीं हो पाते थे। एक हजार रुपये की शर्ट पर 117 रुपये टैक्स लगता था।



2017 में जब हम जीएसटी लाए तो पहले जीएसटी में 170 रुपये से कम होकर 50 हो गया और अब 22 सितंबर के बाद उसी शर्ट पर सिर्फ 35 रुपये देने होंगे। 2014 में टूथपेस्ट, तेल शैंपू आदि पर कोई 100 रुपये खर्च करता था तो 31 रुपये टैक्स लगता था। 2017 में टैक्स 18 रुपये रह गया। अब यही सामान 105 रुपये में मिलेगा। 131 रुपये का सामान एक 105 पर आ गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई परिवार 2014 से पहले साल में एक लाख रुपये का सामान खरीदता था तो उसे उस समय में करीब 25 हजार रुपये टैक्स देना पड़ता था। लेकिन अब नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी के बाद करीब 5-6 हजार रुपये टैक्स ही देना पड़ेगा। क्योंकि जरूरत के ज्यादातर सामान पर अब सिर्फ पांच फीसदी जीएसटी हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले एक ट्रैक्टर खरीदने पर 70 हजार रुपये से अधिक टैक्स देना पड़ता था। अब उसी ट्रैक्टर पर सिर्फ 30 हजार का टैक्स देना पड़ता है। किसान को एक ट्रैक्टर पर 40 हजार की बचत हो रही है। थ्री व्हीलर पर तब 55 हजार का टैक्स लगता था, अब उसी पर जीएसटी करीब 35 हजार रह गया है। सीधे 20 हजार की बचत। जीएसटी कम होने की वजह से स्कूटर 2014 की तुलना में 8 हजार और मोटरसाइकिल 9 हजार सस्ती हो गई है। गरीब और मिडिल क्लास सबकी बचत हुई है।

### कांग्रेस पर जोरदार हमला

पीएम मोदी ने टैक्स छूट का विस्तार से जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। 2014 से पहले जो सरकार चला रहे थे उसकी नाकामियां छिपाने के लिए कांग्रेस और उसके साथी दल जनता से झूठ बोल रहे हैं। सच यह है कि कांग्रेस सरकार में टैक्स की लूट थी और लूटे धन में से भी लूट होती थी। आम नागरिक को टैक्स की मार से निचोड़ा जा रहा था। हमारी सरकार ने टैक्स और महंगाई को कम किया है। देश के लोगों की आमदनी और बचत बढ़ाई है। कांग्रेस सरकार में 2 लाख रुपये की आमदनी तक इनकम टैक्स माफ था, आज 12 लाख रुपये की आमदनी टैक्स फ्री है। इनकम टैक्स और जीएसटी में छूट से लोगों को ढाई लाख करोड़ की बचत हुई है।'

## इंजेक्शन लगाने के बाद 6वीं के छात्र की मौत

**बलरामपुर,25 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में मेडिकल स्टोर के संचालक ने 10 साल के बच्चे को इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिला अस्पताल से उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला कोतवाली नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बच्चे का नाम अनमोल एक्का है। वह सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा 6वीं में पढ़ता था। वह माता-माता के साथ वार्ड क्रमांक- 8 में रहता था। उसके घुटने में घाव हो गया था। बुधवार की शाम पिता जितेंद्र एक्का उसे लेकर शंभू मेडिकल स्टोर पहुंचा। पिता ने बेटे के घाव के बारे संचालक को बताया। जिसके बाद उसने बच्चे के पैर में इंजेक्शन लगाया दिया। इसके बाद बाप-बेटे घर लौट गए। कुछ देर बाद बेटे की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे लेकर फौरन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका आईसीयू में इलाज चल रहा था। बुधवार रात उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर अंबिकापुर से बलरामपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

### झोलाछाप डॉक्टर के भरोसे मरीज

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति दुरुस्त नहीं है। इसके कारण लोग बीमार होने पर झोलाछाप डाक्टरों से इलाज करा रहे हैं। पहले भी झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से मौत के मामले सामने आ चुके हैं। जिला मुख्यालय में करीब आधा दर्जन मेडिकल स्टोर में लोगों का इलाज किया जाता है।

## खराब सड़कों को लेकर हाईकोर्ट सख्त

**बिलासपुर,25 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की जर्जर सड़कों और लगातार हो रहे सड़क हादसों पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने कहा कि नेशनल हाईवे-343 और एनएच-130 जैसे मार्गों की खराब हालत और ब्लैक स्पाटों के कारण आम लोगों की जान जा रही है। कोर्ट ने लोक निर्माण विभाग और नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया के हलफनामे पेश होने के बाद कहा कि अब जिम्मेदार एजेंसियां जवाबदेह बनें और जल्द सुधारात्मक कदम उठाएं। कोर्ट ने कहा कि नागरिकों की जान बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। लापरवाही करने वाले किसी भी विभाग या कंपनी को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी। यह मामला उस समय हाईकोर्ट के संज्ञान में आया, जब एक पिकअप वाहन के ब्रेक फेल होने से 19 लोगों की मौत हो गई थी। चालक वाहन छोड़कर कूद गया और गाड़ी 35 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे की खबरें अखबारों में प्रकाशित हुईं तो कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर मामले को जनहित याचिका के रूप में दर्ज किया। पीडब्ल्यूडी



सचिव ने कोर्ट में कहा कि अंबिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा रोड (एनएच-343) की हालत सुधारने के लिए करीब 740 करोड़ की मंजूरी केंद्र सरकार से मिल चुकी है। तीन पैकेजों में काम बांटा गया है। मई 2025 में ठेका भी दे दिया गया है, लेकिन बारिश की वजह से काम ठप है। फिलहाल 2.81 करोड़ की लागत से अस्थायी मरम्मत जारी है। वहीं ब्लैक स्पाटों को सुधारने के लिए कई प्रस्ताव केंद्र को भेजे गए हैं, लेकिन मंजूरी का इंतजार है। एनएचएआई ने बताया कि बिलासपुर, मुंगेली और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 10 ब्लैक स्पाटों में से कई को हटाया जा चुका है। बिलासपुर के सेंदरी जंक्शन पर नई सर्विस रोड 90 प्रतिशत तैयार हो चुकी है। लिमतरा मोड़ पर 3.98 करोड़ की लागत से सर्विस रोड बनाने का टेंडर जारी हो चुका है। कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट में पता चला कि कोरबा से रायपुर तक के एनएच-130 पर स्थित पावर प्लांट्स की राख (फ्लाई ऐश) ढोते समय पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं करते। ट्रकों से उड़ने वाली राख दिन में भी जीरो विजिबिलिटी बना देती है। इससे सड़क हादसे तो होते ही हैं। साथ ही आसपास के गांवों में सांस की बीमारियां भी फैल रही है।

## हमें पाक खिलाड़ियों से हाथ मिलाना चाहिए था : शशि थरूर

नई दिल्ली,25 सितंबर। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने हाल ही में भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए टी20 एशिया कप मैच के बाद पैदा हुए विवाद पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि खेल की भावना को राजनीति और सैन्य संघर्षों से अलग रखना चाहिए। दरअसल, भारत और पाकिस्तान के बीच हुए इस मुकाबले के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके साथी बल्लेबाज शिवम दुबे बिना हाथ मिलाए मैदान से बाहर चले गए थे, जिस पर बहस छिड़ गई। थरूर ने कहा, "मेरा व्यक्तिगत मानना है कि अगर हमें पाकिस्तान से इतनी आपत्ति है, तो हमें उनसे खेलना ही नहीं चाहिए था। लेकिन, एक बार खेलने का निर्णय हो गया तो हमें खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए था और खिलाड़ियों से हाथ मिलाना चाहिए था।" उन्होंने आगे कहा कि यह परंपरा पहले भी निभाई गई है। कांग्रेस सांसद ने 1999 विश्वकप की याद दिलाई, जब भारत और पाकिस्तान का मुकाबला कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि में हुआ था। उस दौरान दोनों देशों के सैनिक मोर्चे पर लड़ाई लड़ रहे थे, माहौल तनावपूर्ण था, लेकिन मैनचेस्टर में खेले गए मैच के अंत में खिलाड़ियों ने आपस में हाथ मिलाकर खेल भावना का परिचय दिया था। थरूर ने इसे "साहस और परिपक्वता" का उदाहरण बताया।



थरूर ने कहा, "1999 में कारगिल युद्ध चल रहा था। उसी समय इंग्लैंड में वर्ल्ड कप मैच में हम पाकिस्तान से भिड़े थे। उस दिन हमारे सैनिक सीमा पर शहीद हो रहे थे, लेकिन हम मैदान में खेल की भावना के साथ उतरे और हाथ भी मिलाए। खेल का दायरा देशों और सेनाओं के बीच टकराव से अलग होता है।" कांग्रेस नेता ने दोनों टीमों की प्रतिक्रिया को खेलभावना के विपरीत बताया। उन्होंने कहा, "अगर पहली बार भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार से पाकिस्तानियों को बुरा लगा और उन्होंने भी दूसरी बार वैसा ही व्यवहार किया, तो यह दोनों तरफ से खेल की भावना की कमी दर्शाता है।"थरूर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबले हमेशा खेल से आगे बढ़कर राष्ट्रीय भावनाओं और राजनीतिक तनावों का प्रतीक बन जाते हैं। लेकिन खिलाड़ियों का दायित्व खेल भावना को निभाने का है। उन्होंने कहा, "अगर हमें पाकिस्तान से इतना आपत्ति है तो हमें मैच ही नहीं खेलना चाहिए। लेकिन जब खेलने का निर्णय हो चुका है तो फिर मैदान पर खेल के नियमों और परंपराओं का सम्मान करना खिलाड़ियों का कर्तव्य है।"

## शिफ्टिंग से पहले ही शुरू हुआ शराब दुकान का विरोध

**दुर्ग,25 सितंबर।** भिलाई के खुर्सीपार चौक पर स्थित शराब दुकान की शिफ्टिंग का लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है. पूर्व स्थित दुकान से महज 200 मीटर की दूरी पर शिफ्ट किए जा रहे दुकान स्थानीय लोग छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के साथ मिलकर विरोध कर रहे हैं, इसमें स्कूल में पढ़ने वाले छात्र भी शामिल हैं. स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है. दरअसल, कुछ समय से नेशनल हाइवे 53 पर खुर्सीपार चौक के पास स्थित शासकीय विदेशी शराब दुकान का आसपास के लोगों ने बजरंग दल के साथ मिलकर विरोध किया था. इसके बाद वार्ड में हत्या का भी एक मामला सामने आया, जिसे देखते हुए आबकारी विभाग ने शराब दुकान को हटाने की योजना तैयार की. लेकिन जब रहवासी इलाके से दूर एक भी स्थान नहीं मिला तो



जिला आबकारी विभाग ने नेशनल हाईवे से लगे एक दुकान को किराए पर लेकर वहां शराब दुकान खोलने की सहमति दे दी.अब इस जगह दुकान खोले जाने पर भी क्रांति सेना और खुर्सीपार के लोग विरोध जता रहे हैं. लोगों के विरोध को देखते हुए मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया था. जिला आबकारी विभाग में पदस्थ सहायक आबकारी अधिकारी अशोक अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि जहां पर पहले शराब दुकान थी, वहां को लेकर लोगों का विरोध था. नई जगह के लिए भी लोगों का विरोध है.

### वीवीआईपी इलाके में एटीएस के आईजी से ही लूट

**भोपाल ,25 सितंबर ।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जिसने राज्य की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले चार इमली वीवीआईपी इलाके में मंगलवार देर रात बेखौफ बाइक सवार बदमाशों ने इंटेलिजेंस एवं एटीएस के आईजी (ढ्ढत्र) डॉ. आशीष को निशाना बनाया और उनके दो मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। यह घटना उस वक्त हुई जब वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ. आशीष रात करीब 10 बजे डिनर के बाद अपनी पत्नी के साथ टहल रहे थे।

## ऑयल फैक्ट्री में लगी आग इलाके में मची अफरा-तफरी

**धरसीवा,25सितंबर।** सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र के फेस वन में स्थित टायर जलाकर ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। करीब आधा दर्जन दमकल की गाड़ी आग बुझाने में लगी है, लेकिन आग बार-बार भड़कती जा रही है। इसके चलते आसमान में दो-तीन किलोमीटर तक धुंआ ही धुंआ नजर आ रहा है। खास बात यह है कि इसी फैक्ट्री के पीछे सड़क के दूसरी ओर कुछ ही दूरी पर आईओसी का वाटलिंग रिफिलिंग प्लांट भी है, जहां घरेलू और कामर्शियल सिलेंडरों में गैस रिफिल होती है। कैप्सूल टैंकरों से गैस यहां आती है। बावजूद इसके आखिर कैसे टायर जलाकर ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री को यहां अनुमति मिली है, यह समझ से परे है। फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों के मुताबिक फैक्ट्री में सुबह आग लगी है। फैक्ट्री में आग बुझाने फायर सिस्टम नहीं है। पानी से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं बुझी। वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र में टायर जलाकर ऑयल बनाने वाली करीब आधा दर्जन फैक्ट्रियों के कारण लोगों का सांस लेना भी मुश्किल है, क्योंकि टायर जलाकर ऑयल बनाने के दौरान आसपास के दर्जनभर गांवों तक इसकी दुर्गंध से लोग परेशान हैं।

## डीआरडीओ ने रेल मोबाइल लांचर से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का किया सफल प्रक्षेपण

**नई दिल्ली,25 सितंबर।** डीआरडीओ ने सामरिक बल कमान (एसएफसी) के सहयोग से रेल आधारित मोबाइल लांचर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया है। 2000 किलोमीटर तक की दूरी तक मार करने के लिए डिजाइन की गई अगली पीढ़ी की यह मिसाइल विभिन्न उन्नत सुविधाओं से लैस है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अपनी तरह के इस पहले प्रक्षेपण को विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया। यह रेल नेटवर्क से बिना किसी बाधा के प्रक्षेपित की जा सकती है। मिसाइल देश भर में गतिशीलता प्रदान करने के साथ-साथ कम दृश्यता के साथ-साथ कम प्रतिक्रिया समय में भी प्रक्षेपण करने की क्षमता रखती है। यह आत्मनिर्भर है और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों और सुरक्षा तंत्रों सहित सभी स्वतंत्र प्रक्षेपण क्षमता सुविधाओं से सुसज्जित है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया हैंडल कहा,



"विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लांचर से किया गया अपनी तरह का पहला प्रक्षेपण, बिना किसी पूर्व शर्त के रेल नेटवर्क पर चलने की क्षमता रखता है, जो उपयोगकर्ता को कम दृश्यता के साथ कम प्रतिक्रिया समय के भीतर देश भर में गतिशीलता और प्रक्षेपण की अनुमति देता है।"उन्होंने एक्स पर अग्नि-प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई देते हुए कहा कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है.

## रामलीला विवाद में भावी सीजेआई ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली,25 सितंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के टुंडला में एक स्कूल मैदान पर चल रहे रामलीला उत्सव पर हाई कोर्ट ने रोक लगाने का आदेश दिया था। इसके साथ ही शीर्ष न्यायालय ने यह कहते हुए रामलीला उत्सव की अनुमति दे दी कि इससे छात्रों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने आखिरी समय में याचिका दायर करने वाले से भी सख्त सवाल-जवाब किए और पूछा कि आखिर यह उत्सव 100 सालों से उसी मैदान पर हो रहा है तो अब उसकी नींद क्यों टूटी है? तीन जजों वाली पीठ की अध्यक्षता कर रहे जस्टिस सूर्यकांत ने इस मामले पर जनहित याचिका दायर करने वाले मूल याचिकाकर्ता से पूछा,"यह उत्सव तो पिछले 100 सालों से होता आ रहा है। फिर अब आपने आखिरी समय में कोर्ट का रुख क्यों किया? आप पहले क्यों नहीं आए?"

**पीठ और वकील के बीच तीखी बहस**-इस पर मूल याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि रामलीला कं मंचन से स्कूल में पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। इस पर जस्टिस कांत ने फिर पूछा, "लेकिन आप ना तो छात्र हैं, न ही छात्र के अभिभावक और न ही संपत्ति के मालिक हैं... फिर आपने जनहित याचिका क्यों डाली?" इसके जवाब में याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, "अगर सभी धार्मिक त्योहार स्कूल के खेल के मैदान में ही मनाए जाएंगे तो वहां बच्चे खेल भी नहीं सकते... सीमेंट की ईंटें बिछाई जा रही हैं।" इस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि छात्र या अभिभावकों की शिकायतें कहाँ हैं? और पहले से ही वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गईं? जस्टिस सूर्यकांत देश के भावी सीजेआई हैं क्योंकि इस साल के अंत तक मौजूदा CJI जस्टिस गवई के रिटायर होने के बाद पद संभालेंगे।



**हाई कोर्ट ने क्या कहा था?**-इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इसी जनहित याचिका पर विचार करते हुए पाया था कि स्कूल के खेल के मैदान में सीमेंट की इंटरलॉकिंग टाइलें बिछाई जा रही हैं ताकि उसे रामलीला जैसे आयोजनों के लिए स्थायी स्थल बनाया जा सके। हाई कोर्ट ने यह भी कहा था कि स्कूल के मुख्य द्वार का नाम बदलकर 'सीता राम द्वार' कर दिया गया है और झूले लगा दिए गए हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो सकती है और बच्चों को खेल के मैदान से वंचित होना पड़ सकता है। हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ श्रीनगर रामलीला महोत्सव समिति ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

**SC के आदेश में क्या बात और शर्त?**-जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्ज्वल भुयान और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने रामलीला आयोजन समिति की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के स्थगन आदेश पर रोक लगा दिया। SC ने अपने आदेश में कहा, "चूँकि उत्सव शुरू हो चुके हैं, इसलिए हाई कोर्ट के आदेश के पैरा 11 पर रोक लगाई जाती है। वहां इस शर्त के साथ उत्सव जारी रहेंगे कि बच्चे खेलना या खेल गतिविधियाँ जारी रखेंगे। हम हाई कोर्ट से अनुरोध करते हैं कि वह याचिकाकर्ता और अन्य सभी हितधारकों की बात सुनें।" राज्य के अधिकारियों ने बचाव करते हुए तर्क दिया था कि पिछले 100 वर्षों से वहाँ रामलीला का आयोजन होता आ रहा है और यह प्रतिदिन शाम सात से 10 बजे तक ही होता है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि टाइलें जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बिछाई गई थीं।

## संक्षेप

### सीडीएस अनिल चौहान ने किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली ,25 सितंबर ।** भारत और चीन के बीच 1962 के युद्ध को लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उस समय भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का इस्तेमाल किया गया होता, तो चीनी आक्रमण को काफी हद तक रोका जा सकता था। जनरल चौहान का यह बयान लेफ्टिनेंट जनरल एसपीपी थोराट की आत्मकथा 'रेवेली टू रिट्रीट'' के संशोधित संस्करण के पुणे में हुए विमोचन के मौके पर एक वीडियो संदेश के दौरान आया। उन्होंने कहा कि उस दौर में वायुसेना की तैनाती को आक्रामक कदम माना जाता था, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। उन्होंने 1962 में भारत की 'फॉरवर्ड पॉलिसी को लद्दाख और नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (वर्तमान अरुणाचल प्रदेश) में एकसमान तरीके से लागू करना रणनीतिक भूल बताया। उनके अनुसार, लद्दाख में जहां चीन पहले ही घुसपैठ कर चुका था, वहीं अरुणाचल में भारत का दावा मजबूत था, ऐसे में एक जैसी नीति अपनाना उचित नहीं था।

### राजोआणा को अब तक फांसी क्यों नहीं दी गई?

**नई दिल्ली ,25 सितंबर ।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआणा की फांसी पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से कड़े सवाल किए। अदालत ने पूछा कि जब सरकार ने इस मामले को गंभीर अपराध की श्रेणी में माना है, तो फिर अब तक राजोआणा को फांसी क्यों नहीं दी गई? जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एनवी अंजारिया और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई के दौरान केंद्र से कहा – आपने अब तक उसे फांसी क्यों नहीं दी? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? कम से कम हमने तो फांसी पर रोक नहीं लगाई। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि वह इस बारे में जल्द जवाब देंगे। अदालत ने मामले की सुनवाई 15 अक्टूबर तक के लिए टालते हुए स्पष्ट किया कि अगली तारीख पर केंद्र का यह तर्क स्वीकार नहीं होगा कि उसे और समय चाहिए। राजोआणा की ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि वह 29 साल से जेल में बंद है और 15 साल से फांसी की सजा काट रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली बार कोर्ट ने यह आधार नहीं माना कि दया याचिका राजोआणा ने नहीं बल्कि गुरुद्वारा समिति ने दायर की थी। रोहतगी ने कहा कि प्रावधानों के मुताबिक याचिका कौन दायर करता है, इससे फर्क नहीं पड़ता। मामला इतने लंबे समय से लंबित है और ढाई साल बीत जाने के बाद भी केंद्र ने कोई फैसला नहीं लिया।

### अरविंद केजरीवाल को जल्द मिलेगा सरकारी बंगला

**नई दिल्ली ,25 सितंबर ।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को जल्द सरकारी बंगला मिल सकता है। गुरुवार को केजरीवाल के लिए दिल्ली में सरकारी बंगला आवंटन के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि नियमों के अनुसार अगले 10 दिनों के भीतर केजरीवाल को सरकारी बंगला आवंटित कर दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी की ओर से वकील ने कोर्ट से मांग की कि केजरीवाल को टाइप-8 या टाइप-7 श्रेणी का बंगला आवंटित करने का आदेश दिया जाए। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने टिप्पणी की कि आम आदमी टाइप-8 बंगले के लिए नहीं लड़ा करते। हाईकोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन को रिकॉर्ड पर लेते हुए आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि वह इस मुद्दे पर जल्द फैसला सुनाएगा।

## एक नजर

### जवानों ने भीड़ नियंत्रण का अभ्यास किया



**भिलाई, 25 सितंबर।** भिलाई त्योहारी सीजन में भीड़ को देखते हुए जवानों ने पावर हाउस रेलवे स्टेशन में भीड़ नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था परखने अभ्यास किय इसका नेतृत्व सहायक सुरक्षा आयुक्त-2, रेल सुरक्षा बल (रेसुब) रायपुर ने किया इस दौरान स्टेशन के होल्डिंग एरिया, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट, बुकिंग काउंटर, फुट ओवरब्रिज और प्लेटफार्म पर भीड़ नियंत्रण की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया जवानों को आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनात किया गया और लाउड हेलर व पीए सिस्टम के जरिए यात्रियों को दिशा-निर्देश दिए गए। तीन यात्री ट्रेनों की आवाजाही तक यह अभ्यास चला। इसमें भिलाई तीन आरपीएफ टीआई निरीक्षक मनीष कुमार ,अपराध गुप्तचर शाखा के एके बारले, डिटेक्टिव विंग भिलाई, खुफिया शाखा, और शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाना भिलाई के अधिकारी एवं बल सदस्य शामिल रहे।

### म्यूल खाता: 2 लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 25 सितंबर।** भिलाई सुपेला थाना पुलिस ने म्यूल अकाउंट मामले में खाते में 4.99 लाख रुपए का संदिग्ध लेनदेन होने पर प्रकरण में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त म्यूल अकाउंट धारक तुषार बडगईया (21 साल) निवासी संजय नगर सुपेला के बारे में जानकारी दी उसने बैंक आफ इंडिया की सुपेला ब्रांच में खाता खुलवाकर अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए दूसरों को दे दिया उसके अकाउंट में 16 सितंबर 2024 से 14 मार्च के बीच 4 लाख 99 हजार 393 रुपए की सबाइर ठगी की रकम डिपॉजिट हुई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 317(2), 318 (4) के तहत केस दर्ज किया है। इसी क्रम में गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त म्यूल एकाउंट के नंबर के संबंध में जानकारी मिलने पर खाता धारक शक्ति महानंद (33 साल ) निवासी शंकर पारा उड़िया मोहल्ला खुशबु ट्रेडर्स के पास सुपेला को पकड़ लिया। आरोपी ने भी बैंक ऑफ इंडिया शाखा सुपेला में उक्त खाता खुलवाकर अवैध धन लाभअर्जित करने के लिए खाते में 20 दिसंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 के बीच 38 हजार 937 रुपए का ट्रांजेक्शन कराया प्रकरण में दोनों आरोपी तुषार बड़गईया और शक्ति महानंद को गिरफ्तार कर लिया है।

# बरसते पानी में विधायक रिकेश सेन का सुपेला मार्केट दौरा,व्यापारियों को दी बधाई



**भिलाई, 25 सितंबर।** तेज बारिश के बीच वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सोमवार को सुपेला के लक्ष्मी नगर, उत्तर गंगोत्री और राम नगर मार्केट का दौरा कर व्यापारियों को नेक्स्ट जेन जीएसटी लागू होने की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और ग्राहकों को जीएसटी सुधारों के फायदे बताते हुए उत्पादों के कम हुए दाम की जानकारी ली। लक्ष्मी नगर मार्केट में उपभोक्ताओं से भी उन्होंने सीधे संवाद कर उनकी प्रतिक्रिया जानी। व्यापारियों ने नेक्स्ट जेन जीएसटी को स्वागत योग्य कदम बताते हुए विधायक को नवरात्रि की बधाई दी। वेंकटेश्वर सिनेमा हाल के समीप व्यापारी संघ पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए विधायक सेन ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा लागू नेक्स्ट जेन जीएसटी व्यापार और उपभोक्ता दोनों के लिए ऐतिहासिक सौगात है। इससे बाजार को नई गति मिलेगी और उपभोक्ता को सीधा लाभ पहुंचेगा। विधायक ने गर्व से कहो यह स्वदेशी है स्लोगन वाले बोर्ड और स्टिकर सभी दुकानदारों को वितरित कर उन्हें अपनी दुकानों पर लगाने की अपील की। इस मौके पर भाजपा भिलाई जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, सुपेला मंडल अध्यक्ष दीपक भोंडेकर, वैशाली नगर मंडल अध्यक्ष शशि भगत सहित दोनों मंडलों के पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कवर्धा। मां दुर्गा समिति मानिकपुर द्वारा मां दुर्गा मूर्ति विराजित



कवर्धा । नव युवा गौरी गौरा चौक समिति नेउरगांव कला में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित

## विधानसभा में चहुमुंखी विकास से हर्ष व्याप्त : प्रदीपपुरी गोस्वामी



**कवर्धा,25 सितंबर।** पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने विकास कार्य पर चर्चा करते हुए कहा की कबीरधाम जिले में पंडरिया विधानसभा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा दीदी के नेतृत्व में चहुमुखी विकास जारी है ।

इंदौरी नगर पंचायत , पांडातराई नगर पंचायत एवं पंडरिया में सभी गांवों में विकास कार्य होने से पंडरिया विधानसभा में नगर पंचायतों और गांवों की तस्वीर चमक रही है । ईमानदारी से शासन की योजनाओं का लाभ आदिवासी अंचलों ओर प्रत्येक घरों के द्वार तक पहुंच रही है । गरीब परिवार , किसानों का सुंदर आवास बन रहा है । महतारी सदन की सौगात पाकर महिलाओं में भी खुशी दिख रही है । पांडातराई नगर पंचायत में उप तहसील की स्वीकृति मिलने से हर्ष व्यापत दिख रही है । सड़को का जाल बिछ रहा है और गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य होने से सभी खुश है । छात्राओं को कालेज निःशुल्क बस से जाने में बहुत अच्छा लग रहा है उनके माता पिता भी खुश है । निःशुल्क एंबुलेंस की सौगात से गरीब परिवार में खुशी दिख रही है । अपनी बात को बढ़ाते हुए मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने पंडरिया विधानसभा में आन जनता के सपनो को पंडरिया विधायक भावना दीदी साकार कर रही है ओर विकास से युवा , बुजुर्ग , किसान , महिलाएं छात्राएं खुश दिख रही है ।

## प्रमुख सचिव बारिक ने किया मशरूम इकाई का निरीक्षण

**धमतरी, 25 सितम्बर ।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने मंगलवार को मगरलोड विकासखंड के एमयूसी परिसर का भ्रमण किया। इस अवसर पर उनके साथ पंचायत विभाग की संचालक सुश्री प्रियंका महोबिया एवं मिशन संचालक एनआरएलएम श्री अश्वनी देवांगन भी उपस्थित थे।

इस दौरान उन्होंने स्व सहायता समूहों द्वारा संचालित मशरूम स्पॉन इकाई एवं उत्पादन कार्य का अवलोकन किया। विंध्यवासिनी महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि वे मशरूम उत्पादन कर अच्छा लाभ कमा रही हैं और उत्पादित मशरूम पास के राजिम, नवापारा एवं कुरूद बाजारों में आसानी से बिक जाता है। महिलाओं ने यह भी बताया कि बिहान योजना के तहत उन्हें ऋण और प्रशिक्षण की सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, जिससे उनके कार्यों में निरंतर प्रगति हो रही है।प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने समूह के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रही हैं। मशरूम उत्पादन जैसी आजीविका गतिविधियाँ न केवल महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान कर रही हैं।

## आयुक्त पांडेय ने श्रमदान कर दिलाई स्वच्छता की शपथ



**भिलाई, 25 सितम्बर।** नगर निगम भिलाई द्वारा रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वार्ड 36 श्याम नगर जोन-03, मदर टेरेसा नगर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे और स्थानीय पार्षद विनोद चेलक ने टाटा लाइन उद्यान में सफाई कर नागरिकों को घर, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। उपस्थित मोहल्लेवासियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से उद्यान में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, पीआईयू अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी, युक्ति देवांगन सहित निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान के तहत जोन-02 वैशाली नगर में सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें कर्मचारियों का सर्दी, खांसी, बीपी, शुगर एवं खून की जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। वहीं, जोन-04 न्यू खुर्सीपार स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम स्कूल एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू स्कूल के स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आम नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, सफाई कर्मियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली।

## मुस्कान दिव्यांग स्कूल व पुनर्वास केंद्र अच्छा काम कर रहा:विजय बघेल



**भिलाई, 25 सितम्बर।** सेक्टर-2 स्थित मुस्कान दिव्यांग विद्यालय एवं पुनर्वास केंद्र में शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल शामिल हुए। उन्होंने दिव्यांग विद्यार्थियों को स्नेह और आशीर्वाद प्रदान करते हुए विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया तथा यहाँ संचालित पढ़ाई-लिखाई और प्रशिक्षण गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही सच्ची मानवता है और मुस्कान दिव्यांग स्कूल इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। बघेल ने बच्चों से आत्मीय बातचीत की और उनके साथ समय बिताया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। उन्होंने बच्चों को बिस्कुट और चॉकलेट वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया, जो बच्चों के लिए यादगार पल बन गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक अनिल बंसल, सुधीर जोशी, अशोक गुप्ता और अजय कांत भट्ट ने सांसद का स्वागत कर संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। वरिष्ठ समाजसेवी सुधीर बंसल की विशेष उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में सांसद बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस दृष्टिकोण का उल्लेख किया, जिसके तहत विशेष बच्चों को दिव्यांग नाम देकर उन्हें नई पहचान दी गई। उन्होंने कहा, जो बच्चे आंखों से नहीं देख सकते, वे मन की आंखों से दुनिया को देख सकते हैं–यह उनकी असाधारण शक्ति है। हम शारीरिक रूप से सक्षम लोग अक्सर मन की आंखों

## सबकी सहभागिता से बनेगी ग्राम विकास की कार्ययोजना:कलेक्टर

**मोहला 25 सितंबर ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति आज %आदि कर्मयोगी अभियान% के निरीक्षण हेतु ग्राम रेंगाकठेरा पहुंची। यहां उन्होंने ग्रामीणों से आदि कर्मयोगी अभियान के उद्देश्य एवं ग्राम विकास की कार्ययोजना पर चर्चा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चन्द्राकर, एसडीएम श्री हेमेन्द्र भुआर्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने ग्रामीणों से कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम विजन तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत सरकार अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामीण विकास एवं आजीविका मूलक गतिविधियों के माध्यम से विकास की कार्ययोजना बना रही है। जिसमें आप सब की सहभागिता महत्वपूर्ण है, क्योंकि गांव की समस्या एवं आवश्यकता की जानकारी आपको बेहतर है। गांव के विकास में सभी का योगदान आवश्यक है।कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि गांव में कुपोषण, एनीमिया, नशा मुक्ति अभियान चलाए साथ ही सबके पास आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज हो सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि स्कूलों की तरह अब आंगनबाड़ी में भी 6 वर्ष तक के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाया जा रहा हैं।

## 40 साल बाद हिंदी की बड़ी साहित्यकार होकर कॉलेज लौटीं जयंती रंगनाथन



**भिलाई, 25 सितम्बर।** देश की सुप्रसिद्ध पत्रकार-संपादक और ख्याति प्राप्त लेखिका जयंती रंगनाथन सोमवार को अपने पुराने शिक्षा संस्थान कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई पहुंचीं। वाणिज्य विभाग की 1983 बैच की पूर्व छात्रा जयंती करीब चालीस साल बाद अपने कॉलेज लौटीं और विद्यार्थियों के बीच एक रोचक एवं प्रेरक व्याख्यान दिया।

उनके साथ हिंदी की युवा लेखिका मधु चतुर्वेदी भी उपस्थित रहीं। भिलाई की निवासी रहीं और टाइम्स ऑफ इंडिया, अमर उजाला, वनिता, नंदन जैसी प्रमुख पत्रिकाओं की संपादक रह चुकीं जयंती रंगनाथन का सम्मान वाणिज्य, हिंदी और पत्रकारिता विभाग की ओर से किया गया। स्वागत भाषण डॉ. सलीम अकील और सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा ने दिया। महिला प्राध्यापक डॉ. मणिमेखला शुक्ला, डॉ. फिरोजा जाफर अली, डॉ. शबाना ने उन्हें राजकीय गमछा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजन कुमार ने किया। जयंती रंगनाथन ने अपने छात्र जीवन से लेकर पत्रकारिता और साहित्य की यात्रा को कहानी शैली में साझा किया। उन्होंने अपने पत्रकारिता की शुरुआत साप्ताहिक धर्मयुग से होने और उसके संपादक धर्मवीर भारती से मिले आशीर्वाद का भावपूर्ण उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया में काम करने का आनंद अलग ही है। रॉयल्टी महत्वपूर्ण नहीं, लोकप्रियता असली पुरस्कार है। लेखन के लिए उम्र का इंतजार न करें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी आवाज़ और मन की सुनें, तभी सशक्त स्त्री और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। समारोह में प्राध्यापक डॉ. हरीश कश्यप, डॉ. रवीश सोनी, शोध छात्र और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने लेखन और पत्रकारिता से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका जयंती ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में भिलाई की लोकप्रिय साहित्यकार मधु चतुर्वेदी ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आभार प्रदर्शन डॉ. मणिमेखला शुक्ला ने किया।

## बैकुंठधाम में रक्तदान शिविर का आयोजन 26 सितंबर को

**भिलाई, 25 सितम्बर।** बाबा महाकाल परिवार द्वारा रक्तदान अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार, 26 सितंबर को मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक बैकुंठ धाम मंदिर, कैम्प-2 में आयोजित इस शिविर भाग लेकर कोई भी इस नेक कार्य का हिस्सा बन सकते है और जरूरतमंदों को जीवनदान दे सकता है।

## यूथ सिख सेवा समिति ने पेश की मानवता की मिसाल



**भिलाई, 25 सितंबर।** यूथ सिख सेवा समिति ने एक बार फिर सामाजिक कार्यों के माध्यम से मानवता की मिसाल पेश की है। समिति के कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह जी को सूचना मिली कि कृष्ण नगर सुलभ में रहने वाले एक परिवार में, जहाँ तीन छोटे बच्चे और उनके पिता रहते थे, पिता का निधन हो गया है। मृतक की पहचान अस्लम खान के रूप में हुई। बच्चों को सुपेला थाने में और शव को मर्चुरी में रखा गया था। समिति के नियम अनुसार सेवा केवल सिख परिवारों तक सीमित होती है, लेकिन इस परिस्थिति को देखते हुए समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए स्वयं के खर्च पर अंतिम संस्कार कराने का निर्णय लिया। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से संपर्क कर मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार की पूरी व्यवस्था की। स्व. अस्लम खान का अंतिम संस्कार मुस्लिम समाज के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर हुसैनी सेना के अध्यक्ष सोहेल खान अपनी टीम के साथ तथा जन सेवा से निजाम खान, जुल्फिकार, इशरद अहमद सहित अन्य लोग मौजूद थे। सुपेला थाना पुलिस का भी विशेष सहयोग रहा। इंद्रजीत सिंह ने न केवल अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी ली, बल्कि मृतक के बच्चों के लिए थाने में भोजन की व्यवस्था भी की। यह कदम विभिन्न समाजों के बीच आपसी भाईचारे और मानवता की अद्भुत मिसाल बन गया।

## दुर्गा मंदिर में जिला पंचायत अध्यक्ष का किया गया स्वागत



**जामुल।** दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे का स्वागत किया गया। सरस्वती बंजारे यहाँ से सैकड़ों की संख्या में महिला शक्ति और कार्यकर्ताओं के साथ माँ बम्लेश्वरी दरबार, डोंगड़गढ़ के लिए रवाना हुईं। यह यात्रा नारी सशक्तिकरण को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित की गई। स्वागत समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व पालिकाध्यक्ष रेखराम बंछोर, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पार्षद कविता विस्वाल, मंडल अध्यक्ष बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, ध्रुव देवांगन, मंदिर संचालक मेघनाथ साहू, पूर्व महामंत्री नूतन वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमंत देवांगन, भाजयुमो प्रदेश पदाधिकारी ठाकुर आकाश सिंह, पार्षद रामदुलार साहू, महिला शक्ति की योगिता साहू एवं टीम, हेमलता साहू, सरस्वती मानिकपुरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक सिंह, मीडिया सहप्रभारी लल्लन सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष सोनू यादव, मंडल कोषाध्यक्ष सुभाष पांचाल, पूर्व पार्षद अश्वनी यादव, राकेश वर्मा, प्रतिष्ठित व्यापारी अँजेश अग्रवाल, जीवन साहू, कमल महराज, कृष्णा अहिवारा सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती बंजारे ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार साझा किए और समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया।

## सेवा पखवाड़ा : 27-28 सितंबर को शिविर में बनाए जाएंगे विशेष बस पास

**दुर्ग, 25 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में परिवहन विभाग द्वारा जिला स्तर पर 27 एवं 28 सितंबर को दिव्यांगजन एवं वृद्ध नागरिकों के लिए निःशुल्क बस पास बनाए जाएंगे।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार इच्छुक लाभार्थी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में 27 एवं 28 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर बस पास प्राप्त कर सकते हैं। कार्यालय द्वारा जारी किए जाने वाले इन निःशुल्क बस पासों के तहत पात्र व्यक्तियों को एक परिचारक सहित बसों में किराए में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इनमें दृष्टिहीन व्यक्ति, बौद्धिक दिव्यांगजन, दोनों पैरों से चलने में असमर्थ दिव्यांग व्यक्ति, 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा एचआईवी/एड्स से पीड़ित व्यक्ति शामिल हैं।दिव्यांगजन को निःशुल्क बस पास के लिए आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं एक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। वहीं 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, स्कूल का दाखिला-खारिज प्रमाण पत्र, 10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र एवं आवेदन देना अनिवार्य होगा।

### युवक का शव मिला

**भिलाई,25 सितंबर।** भिलाई खुर्सीपार फाटक के आगे रेलवे लाइन में एक अज्ञात युवक का पुलिस ने शव बरामद किया शव को सुपेला अस्पताल के मरच्युरी में रखकर शिनाख्त में जुटी है ।

भट्ठी पुलिस ने बताया कि एक अज्ञात ( 30 साल ) युवक का खुर्सीपार फाटक के आगे रेलवे लाइन में शव मिला है मृतक नीला शर्ट, आसमानी रंग का जींस पेंट, गले में रेशम की माला पहना है शव को सुपेला अस्पताल के मरच्युरी में रखा गया है शव की पहचान कर रही है।

## त्यौहारों में कहीं पर भी अंधेरा नहीं रहना चाहिए: महापौर

**दुर्ग,25 सितम्बर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए आज डाटा सेंटर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर मौजूद रहे। त्यौहारों के दौरान शहर को रोशन और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से निगम अधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की और कई अहम निर्णय लिए। मुख्य रूप से चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों और प्रमुख बाज़ार क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही नई लाइटों की खरीद, पुराने पोलों की मरम्मत और पर्याप्त वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए गए।

महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस बार के त्योहारी सीजन में किसी भी क्षेत्र में अंधेरा नहीं रहना चाहिए। चौक-चौराहों से लेकर छोटी गलियों तक बिजली और लाइट की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए,और साथ मे पी डब्लू डी के द्वारा भी जो लाइट शहर में लगा है,उसको भी मेंटेनेंस के लिए वहां के अधिकारियों को निर्देशित करने को कहा और साथ ही साथ उन्होंने कहा कि विधायक निधि, महापौर निधि और पार्षद निधि के द्वारा शहर को जगमग किया जाएगा। निगम का लक्ष्य है कि नवरात्र, दशहरा और दीपावली के अवसर पर दुर्ग का हर कोना उजाले से नहा उठे और नागरिक बिना किसी असुविधा के त्योहारों का आनंद ले सकें। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इस बैठक में स्पष्ट किया कि त्योहारों के समय बिजली की खपत बढ़ने से अक्सर तकनीकी परेशानियां आती हैं। इसको देखते हुए निगम ने विशेष प्रबंधन तैयार किया है। दोनों पहर - सुबह और शाम - में मेंटेनेंस टीम को अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। आयुक्त ने यह भी कहा कि विद्युत विभाग को पर्याप्त संख्या में वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि शिकायत मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंच सके। उनका कहना था कि त्योहारों के दौरान नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, यह प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने जानकारी दी कि सभी अधिकारी और कर्मचारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों, मंदिरों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों की लाइट व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

एक नजर

## विधायक इंद्र साहू के जन्मदिन पर पौधरोपण



**रायपुर, 25 सितंबर।** अभनपुर के लोकप्रिय विधायक श्री इंद्र कुमार साहू जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सेन समाज रायपुर जिला की अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने नया रायपुर सेक्टर 23 ग्राम तुता में सेन मंगल भवन प्रांगण में औषधि युक्त पौधे लगाकर उनकी जयकारे के साथ उनका जन्मदिन सादगी पूर्वक मनाया गया ,उक्त पुनीत कार्य में जिला संरक्षक श्री नारायण प्रसाद सेन ,कर्मचारी जिला अध्यक्ष सुशील कौशिक, पारस श्रीवास ,कमलेश श्रीवास, श्रीमती श्यामा सेन, शत्रुघ्न श्रीवास ,दिलीप सेन, राज श्रीवास ,श्रीमती लता शांता श्रीवास,रवि,सतीष,अनिल ठाकुर, झरना नरेंद्र सेन, हरवंश, संजय सेन,आदि सभी ने विभिन्न प्रकार के औषधि युक्त एवं छायादार पौधे लगाकर विधायक इंद्र कुमार साहू जी के जन्मदिन को मनाया गया। एवं उनके दीर्घायु होने की शुभकामना की गई /उक्त जानकारी रायपुर जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर एवं सचिव दिलीप सेन ने संयुक्त रूप से दी।

## संत सेन द्वार के पुनर्निर्माण के लिए महापौर व पार्षद को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर, 25 सितंबर।** सर्वसेन समाज जिला रायपुर के प्रतिनिधि मंडल ने भनपुरी के मुख्य मार्ग के पास सेन समाज के इष्ट गुरु संत शिरोमणि सेन जी महाराज के नाम पर प्रवेश द्वार बना हुआ था ,लेकिन चौड़ीकरण के चलते प्रवेश द्वार को तोड़ दिया गया था, एवं उनका पुनर्निर्माण के लिए आश्वासन भी दिया गया था, कार्य में विलंब होने के कारण लगातार जनप्रतिनिधि एवं राजनेताओं को ज्ञापन दिया जा रहा है,, इस तारतम्य में आज रायपुर नगर निगम महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी एवं भनपुरी वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद श्री नंद किशोर साहू तथा सेन समाज के एवं नगर निगम एमआईसी सदस्य श्री खेम कुमार सेन जी को संत सेन द्वार के पुनर्निर्माण हेतु ज्ञापन सोपा गया,, तथा भनपुरी के पार्षद श्री नंद किशोर साहू जी ने जल्द से जल्द इस कार्य को करने का आश्वासन दिया ,इस कड़ी में संरक्षक श्री नारायण प्रसाद सेन, श्री सुशील कौशिक, दिलीप सेन, मानिकपुरी समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण दास, श्रीमती श्यामा सेन, रमेश श्रीवास, विजेंद्र सेन, राज श्रीवास, के साथ जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर शामिल हुए/उक्त जानकारी जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर एवं सचिव दिलीप सैया संयुक्त रूप से दी।

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए ऑनलाइन पंजीयन

**बलौदाबाजार, 25 सितम्बर।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला क़ा आयोजन राजधानी रायपुर में आगामी अक्टूबर माह में होग़ा ।रोजगार मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक शिक्षित बेरोजगार युवा ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन हेतु वेबसाईट पर जाकर राज्य स्तरीय रोजगार मेला लिंक पर क्लिक करके अपना प्रोफ़ाइल आईडी बना सकते हैं।अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 07727299443 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## 15 वर्ष पुराने 425 वाहनों का रजिस्ट्रेशन निलंबित

**बलौदाबाजार, 25 सितंबर।** मोटर यान नियमों का पालन नहीं करने पर 15 वर्ष पुराने 425 वाहनों का पंजीयन क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है। कार्यालय में ऐसे कुल 425 वाहने जो 15 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के पश्चात भी पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

# माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ का डॉ. रमन सिंह ने किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 25 सितम्बर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ की परिकल्पना 2015 में की गई थी और यह परिकल्पना 2025 में पूरी हो रही है। माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ अद्भुत परिक्रमा पथ है। परिक्रमा पथ में छत्तीसगढ़ में स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां प्रतीक के रूप में स्थापित की गई है। यह परिक्रमा पथ साढ़े तीन किलोमीटर लम्बा है। जिसमें फलदार, छायादार एवं विभिन्न प्रजातियों के 10 हजार से अधिक पेड़ लगाए गए है। डोंगरगढ़ आने वाले देश एवं प्रदेश के पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए यह परिक्रमा पथ आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ नगर के नागरिकों को प्रभात फेरी के लिए एक अच्छा स्थल मिल गया है। इस तरह परिक्रमा पथ श्रद्धा, सेहत एवं संस्कार के लिए भी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष तौर पर परिक्रमा पथ को बनाया गया है। परिक्रमा पथ पर बच्चों के मनोरंजन के लिए सिंह, हिरण एवं अन्य वन्यजीवों के चित्र भी बनाए गए है। माँ बम्लेश्वरी के आर्शीवाद से परिक्रमा पथ का कार्य पूरा हो गया है। डोंगरगढ़ नगर माँ बम्लेश्वरी के साथ-साथ सर्वधर्म समन्वय का भी स्थान है, जहां सभी समाज के इष्ट देव विराजते है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ का लोकार्पण किया गया है। माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ की आधारशिला 2015 में रखी गई थी और यह आज पूर्ण हो गया है। डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ आस्था का केन्द्र बनेगा। परिक्रमा पथ स्वास्थ्य, श्रद्धा एवं संस्कार की दृष्टि से केन्द्र बिंदु है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 25 सितंबर।** अंत्योदय दिवस पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती आज मनाई गई। पंडित दीनदयाल चौक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने साफसफाई के साथ। पंडित जी की प्रतिमा पर माला अर्पण किया साथ ही इस अवसर पर भाजपा तिल्दा शहर मंडल में निवासरत प्रदेश, जिला, मंडल ,मोर्चा ,प्रकोष्ठ , के पदाधिकारी ,देवतुल्य कार्यकर्ता बंधु एवं भाजपा के समस्त जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्म जयंती अंत्योदय दिवस एवं गोष्ठी का कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक तिल्दा पर उनका माल्यार्पण कर किया गया गोष्ठि को बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष राम पंजवानी पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा मंडल उपाध्यक्ष सौरभ जैन नरेंद्र शर्मा ने विचार व्यक्त किया आभार व्यक्त मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद ने किया। जयंती के अवसर पर बीजेपी ग्रामीण अध्यक्ष नरसिंह वर्मा मधुसूदन धर दीवान विजय ठाकुर रानी सौरभ जैन देवकी बाघमार रुक्मिणी वर्मा विजय ठाकुर पुष्पा नायक लक्ष्मी चंद नाग वानी पार्षद दीनू साहू धर्मेंद्र कुमार अरविंद वर्मा मनोज साहू। निषाद मंजू तिवारी अमर जीत पासवान राजकुमार सहित बीजेपी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वच्छता पखवाड़े में भाजपा तिल्दा शहर मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 25 सितंबर।** तिल्दा नेवरा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा तिल्दा शहर मंडल के विभिन्न बूथ में बूथ अध्यक्ष और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन जिसमें 17 सितंबर को सुबह 7:00 बजे से स्वच्छता अभियान चलाते हुए तिल्दा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसे संगठन के लगभग 50 लोग शामिल हुए। 18 सितम्बर मोदी जी के जन्म दिवस पर शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित मरीजों को एवं नवजात शिशुओं को पौष्टिक आहार एवं फल का वितरण किया गया।



19 सितंबर को भाजपा तिल्दा शहर मंडल के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ जनों का साल और श्री फल से सम्मान किया गया। 20 सितंबर को स्वच्छता अभियान चलाते हुए ग्राम पंचायत छटौत में शिव मंदिर एवं गांव के प्रमुख चौक गुड्डी चौक का साफसफाई किया गया। 19 सितंबर को एक पेड़ मां के नाम ग्राम पंचायत गुलगुल में 75 पेड़ों को लगाया गया। 21 तारीख को बूथ क्रमांक 191 वार्ड क्रमांक एक में कोडांगी तालाब एवं सार्वजनिक शिव मंदिर का साफ सफाई किया गया। 22 सितंबर को वार्ड क्रमांक 2 बूथ क्रमांक 190 में पैठू तालाब एवं शीतला मंदिर चौक का साफ सफाई किया गया। 23 तारीख को वार्ड क्रमांक 3 बूथ क्रमांक 179 में किसान राइस मिल के पास सार्वजनिक दुर्गा चौक एवं हनुमान मंदिर के पास सफाई अभियान चलाया गया।

# जगदलपुर में विकास की रफ्तार पर रोक बख्तियार इंफ्रा ने उठाया बड़ा सवाल



**जगदलपुर, 25 सितंबर।** जगदलपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य व्यापार और विकास को बढ़ावा देना था। यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन बख्तियार इंफ्रा कार्यालय द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व इसके स्वामी श्री बख्तियार खान ने किया। कॉन्फ्रेंस का प्रमुख विषय था फर्म के चल रहे प्रयास, जिसके अंतर्गत रिवरडेल मेंशन एंड विला नामक एक प्रीमियम ब्रांडेड रेज़िडेंशियल प्रोजेक्ट को स्वीकृति दिलाना है। यह प्रोजेक्ट आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण जीवन शैली प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। इसमें पूरी तरह सुसज्जित आवास उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनमें आधुनिक फर्नीचर, बर्तन, मॉड्यूलर किचन और आवश्यक घरेलू उपकरण जैसे ए.सी., फ्रिज और टीवी शामिल होंगे। इस प्रोजेक्ट की रूपरेखा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी) द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज़ों की जांच के बाद स्वीकृत की गई थी। परंतु, फर्म ने यह मुद्दा उठाया कि टीएनसीपी के उप-नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिनके अनुसार 60 से 90 दिनों के भीतर स्वीकृति देना अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा पार होने पर प्रोजेक्ट स्वतः अनुमोदित माना जाता है।

उप निदेशक सुश्री प्रीति देवांगन ने भूमि की वैधता पर आपत्ति जताई है। लेकिन, भूमि राजस्व विभाग, पटवारी अभिलेख, ग्राम पंचायत, तहसीलदार और एसडीएम जगदलपुर के अनुसार यह भूमि पूरी तरह कानूनी और आवासीय विकास के लिए मान्य है। फर्म पहले ही पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, सीएसईबी तथा अन्य संबंधित विभागों से एनओसी प्राप्त कर चुकी है। ऑफलाइन प्रक्रिया से ऑनलाइन प्रक्रिया की ओर बदलाव सीजी आवास (सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम) के तहत फर्म ने ही शुरू किया था, जिसे एनआईसी और टीएनसीपी रायपुर ने तकनीकी सहयोग दिया। इसके बावजूद स्थानीय टीएनसीपी अधिकारी पुरानी ऑफलाइन पद्धति पर ज़ोर देकर स्वीकृति में देरी कर रहे हैं। आरोप यह भी लगाए गए कि सुश्री देवांगन, जो स्थानांतरण की इच्छुक हैं, अपने पद का दुरुपयोग करते हुए जगदलपुर की कई परियोजनाओं को जानबूझकर रोक रही हैं।

## एक बार कथन करने के बाद उससे मुकरना नहीं चाहिए : मुनि वीरभद्र

**राजनांदगांव 25 सितंबर।** प्रख्यात जैन संत श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने जैन रामायण की कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार वचन दे दिया तो दे दिया फिर उससे मुकरना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम बोलते क्या है और करते क्या है? उन्होंने कहा कि रघुकुल की रीति थी कि एक बार वचन दे दिया तो दे दिया, फिर उससे वह करते नहीं थे चाहे इसके लिए उनकी जान भी क्यों न चली जाये। उन्होंने कहा कि इसी तरह हमें भी अपने वचनों पर टिके रहना चाहिए। जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि बड़ों के आदेश का पालन करना चाहिए तथा उनका आदर व सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियति का निर्माण व्यक्ति स्वयं ही करता है, उसके लिए पुरुषार्थ करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कर्मों के आधार पर नियति निर्धारित होती है किंतु हम पहले ही हार मानकर सरेंडर कर देते हैं। मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि जहां लाभ दिखता है हम वहां झुक जाते हैं, परंतु हमें बाह्य नहीं आंतरिक लाभ देखना चाहिए।

# टूर दे बलौदाबाजार साइक्लोथॉन की तैयारी

### कलेक्टर ने अधिकारियों बैठक लेकर की समीक्षा

**बलौदाबाजार, 25 सितंबर।** विश्व पर्यटन दिवस और छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर टूर दे बलौदाबाजार साइक्लोथॉन का आयोजन 28 सितम्बर 2025 को किया किया जा रहा है। जिले में पहली बार आयोजित होने वाले इस साइक्लोथॉन को भव्य रूप देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जोर -शोर से तैयारी शुरू कर दी गई हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। टूर द बलौदाबाजार साइक्लोथॉन के सफल आयोजन हेतु डीएफओ गणवीर धाम्मशील को नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। टूर दे बलौदाबाज़ार साइक्लोथॉन में साईकलिस्ट कुल 50 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे जिसके लिए रूट तय कर लिया गया है। साइक्लोथॉन 28 सितम्बर को सोनबरसा वन विहार से प्रातः 6 बजे प्रारम्भ होग़ा। साईकलिस्ट सोनबरसा वन विहार से लटुवा, बलौदाबाजार, अर्जुनी, टोनाटार, करही बाजार होते हुए लगभग 20 गांव से गुजर कर पुनः सोनबरसा वन विहार पहुंचेगे। रूट में 10 विशेष पॉइंट बनाए जाएंगे जहां समहू की महिलाओं एवं ग्रामीणो द्वारा ख़ास अंदाज में साईकलिस्टों का उत्साहवर्धन एवं स्वागत करेंगे। पूरे रूट में करीब 10 हाइड्रेशन पांइट बनाए जाएंगे जहां साईकलिस्टों के लिए पानी, फल, ओआएस पैकेट्स उपलब्ध रहेंगे। सुरक्षा व्यस्था एवं निगरानी हेतु पुलिस पेट्रोलिंग टीम तैनात रहेगी। इसके लिए रूट में 15 पेट्रोलिंग पॉइंट निर्धारित किये गये हैं। एम्बुलेंस मय मेडिकल टीम की भी तैनाती रहेगी। सोनबरसा वन विहार में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा फ़ूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे जिसमें स्थानीय व्यंजनों की छटा रहेगी।

## श्रमिकों को दिया जाता है निशुल्क रक्तःयोगेंद्र



**राजनांदगांव, 25 सितंबर।** ग्राम भोथीपार खुर्द में राजाराम मेज प्रोडक्ट कारखाना अध्यक्ष राष्ट्रीय ग्लूकोश स्टार्च केमिकल मजदूर संघ अध्यक्ष योगेंद्र दास वैष्णव ने बताया कि जरूरतमंदों को श्रमिकों द्वारा समय-समय पर रक्तदान निशुल्क दिया जाता है जिससे श्रमिक केजनाथ यादव राजेश कुमार साहू ने रक्तदान किया जिस किसी जरूरमंद को रक्तदान की आवश्यकता होती है तो कंपनी के सुरक्षा अधिकारी बिशन सिंह से संपर्क कर सकते हैं तथा कंपनी द्वारा श्रमिकों को रक्तदान के दिन मजदूरी तथा 1 लीटर दूध 150 रूपये प्रोत्साहित राशि कंपनी द्वारा प्रदान किया जाता है।

## नारायणी नवलधाम में 3 दिवसीय रास गरबा उत्सव 28 से

**भाटापारा, 25 सितंबर।** नगर के लिंक रोड स्थित श्री नारायणी नवल धाम में 3 दिवसीय रास गरबा का आयोजन इस माह के 28 सितंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। 3 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन के लिए एंट्री पास का वितरण एंट्री शुल्क के साथ चालू कर दिया गया है । इस पारिवारिक रास गरबा के कार्यक्रम को लेकर सभी नागरिकों में अच्छा खासा उत्साह बना हुआ है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर डी जे सियलो ,फास्ट फूड,सेल्फी बूथ की व्यवस्था के साथ साथ लकी ड्रा भी निकाला जाएगा। इसके अलावा प्रतिभागियों के लिए लगभग 12 केटेगरी के अवॉर्ड भी दिए जाएंगे। 29 सितंबर को गरबा ग्रुप डांस का कम्पटीशन भी रखा गया है जिसके लिए रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित कराना अनिवार्य है। आयोजक मंडल में शामिल सदस्यों ने बताया कि इन 3 दिनों के इस आयोजन के लिए तीनों दिन अलग अलग थीम पर कार्यक्रम होगा।जिनमें पहले दिन 28 सितंबर को स्टेट वाइस अटायर,29 सितम्बर को ट्रेडिशनल गरबा और 30 सितम्बर को रेड या यलो अटायर थीम पर होगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि चूंकि लिमिटेड संख्या में ही एंट्री पास की व्यवस्था की गई है और पहले आओ पहले पाओ के तहत एंट्री पास रेलवे अंडर ब्रिज भृगु अस्पताल के बाजू स्थित फर्स्टक्री स्कूल, कासा कैफे,स्ट्रांग आर्म फिटनेस और रितु फ्लेक्स में मिलने चालू हो गया है। नगर में पहली बार सुरक्षा को ध्यान में रख कर इस तरह का भव्य गरबा आयोजन करवाया जा रहा है ,जहाँ गरबा के साथ कार्निवल का मजा फूड जोन में लगे स्टॉल्स से उठा सकते है।

## मेनोपॉज में पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी कार्यशाला में दी

**बलौदाबाजार, 25 सितम्बर।** महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज जनपद कार्यालय बलौदाबाजार में मेनोपॉज़ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।



जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव एवं जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन वर्मा सहित अतिथियों ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में जिले की ख्यातिप्राप्त स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. करुणा यादव, डॉ. पूनम आडिल, डॉ. खुशबु बाजपेई एवं डॉ. प्रीतिबाला ने विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने मेनोपॉज़ की अवस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव जैसे हड्डियों की कमजोरी, हार्मोनल परिवर्तन, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, वजन बढ़ना, एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग, ध्यान एवं सकारात्मक सोच अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उपस्थित महिलाओं को यह भी बताया कि मेनोपॉज़ के समय नियमित स्वास्थ्य जांच, कैल्शियम एवं आयरन युक्त भोजन, पर्याप्त पानी का सेवन और समय पर चिकित्सकीय परामर्श बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी समस्याएं छिपाने के बजाय खुलकर डॉक्टरों से चर्चा करें ताकि समय पर समाधान मिल सके।

# बस्तर में पुनर्वास से प्रभावित होकर 71नक्सलियों ने किया सरेंडर

**दन्तेवाड़ा, 25 सितंबर।** बस्तर संभाग में चलाये जा रहे आत्मसमर्पण तथा पुनर्वास-पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन) अभियान तथा दन्तेवाड़ा जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान से प्रभावित होकर कुल 64 लाख के 30 ईनामी माओवादियों सहित 71 माओवादियों ने (जिसमें 21 महिला तथा 50 पुरुष शामिल है) आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादी बामन मड़काम (08 लाख रूपये ईनाम) वर्ष 2011 में ग्राम दमपाया, 2012 में मटलाचेरू, 2014 में दुगईगुड़ा, 2021 में अम्बेली, 2022 में वेलगाड़रम एवं 2024 में ग्राम गुण्डम के जंगल में हुये पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में था शामिल। आत्मसमर्पित महिला माओवादी शमिला उर्फसोमली कवासी (05 लाख रूपये ईनाम) वर्ष 2023 में भैरमगढ़ ओरछापारा में मोबाईल टावर को आगजनी एवं वर्ष 2024 में ग्राम बोड़गा में हुये पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में थी शामिल। आत्मसमर्पित महिला माओवादी गंगी उर्फरोहनी बारसे (05 लाख रूपये ईनाम) वर्ष 2024 में भामरागढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत ग्राम परादी में हुये पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में थी शामिल।




लोन वर्राटू (घर वापस आईये) सशक्त अभियान

आत्मसमर्पित महिला माओवादी देवे उर्फ कविता माड़वी (05 लाख रूपये ईनाम) वर्ष 2024 में दक्षिण बस्तर डिवीजन के ग्राम जिरम में हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में थी शामिल।* आत्मसमर्पित माओवादी जोगा मड़काम (02 लाख रूपये ईनाम) वर्ष 2018 में ग्राम मार्जूम एवं वर्ष 2021 में ग्राम गोगुण्डा डुंगीनपारा के जंगल में हुये पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में था शामिल।*

अन्य आत्मसर्पित माओवादी अपने-अपने क्षेत्र में नक्सली बंद सप्ताह के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना, नक्सली बैनर, पोस्टर एवं पाम्प्लेट लगाने जैसी घटनाओं में शामिल रहे।

जिला दन्तेवाड़ा में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी0 (भा.पु.से.), पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप (भा.पु.से.), पुलिस उप महानिरीक्षक (परि0) सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज श्री राकेश चौधरी, पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरवराय (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उदित पुष्कर (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री रामकुमार बर्मन (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान तथा छ0ग0 शासन की ''पूना मारगेम'' (पुनर्वास से पुनर्जीवन) के तहत जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गॉव-गॉव तक किया जा रहा है, इसके प्रभाव में लगातार शीर्ष माओवादियों सहित भटके हुए माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण किया जा रहा है।

# महापौर परिषद की बैठक में कई अहम विषयों पर किया गया निर्णय



**राजनांदगांव 25 सितम्बर।** महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को लाभ देने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, आगंनबाडी पालना कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति के अलावा मोहारा फिल्टर प्लांट से गंज चौक व नंदई चौक से इंदिरा नगर पानी टंकी तक राईजिंग मेन पाईप लाईन विस्तार किये जाने निविदा आमंत्रण की स्वीकृति के अलावा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

महापौर श्री यादव ने बताया कि बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा जी.एस.टी. दरो में कमी के प्रस्ताव में अनुशंसा कर परिषद में प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया, इसके अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। साथ ही आगंनबाडी पालना केन्द्रो में पालना कार्यकर्ता व सहायिका के नियुक्ति के प्रकरण को स्वीकृति प्रदान की गयी। जाति प्रमाण बनाये जाने के प्रकरणो पर भी अनुशंसा की गयी तथा सम्पत्तिकर युक्तियुक्तकरण, निगम स्वामित्व के दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर के प्रथम तल की दो दुकान की उच्चतम बोली की अनुशंसा की गयी।

## संपादकीय

# ताक में रहते हैं अराजक तत्व

किसी भी बड़े मुद्दे को लेकर राजनीति व अराजनीतिक संगठन शांतिपूर्ण आंदोलन करते रहते हैं तो अराजक तत्व मौके की ताक में रहते हैं कि कैसे इसका फायदा उठाकर हिंसा की जाए, निजी व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाए और यह झूठा संदेश जनता व सरकार को दिया जाए कि उसके रवैए से युवा नाराज हैं। ऐसे अराजक तत्वों की देश व समाज की शांति, शांतिपूर्ण आंदोलन से कोई मतलब नहीं रहता है, उनको पैसे से मतलब होता है,जहां भी अराजकता फैलाने के लिए पैसा मिलता है, मौका मिलते ही अराजकता फैलाते हैं। छात्र हों, युवा हो, जेन जी हो उनको सावधान रहने की जरूरत है, जब वह कोई शांतिपूर्ण आंदोलन करते हैं क्योंकि ऐसे मौके का फायदा उठाकर विदेशी ताकतें अराजक तत्वों का उपयोग कर पूरे देश को अराजकता के दलदल में धकेल देती है और उसका खामियाजा पूरे देश की जनता को भुगतना पड़ता है। बांग्लादेश में यही किया गया और चुनी हुई सरकार का तख्ता पलट किया गया। नेपाल में यही किया गया और चुनी हुई सरकार को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद भारत के बहुत से लोग कह रहे थे कि ऐसा भारत में भी हो सकता है। लद्दाख में हुए आंदोलन को जेनजी का आंदोलन बताने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन हकीकत में राज्य के एलएबी,केडीए संगठन का शांतिपूर्ण आंदोलन था जिसे हजार पांच सौ अराजक तत्वों ने हिंसक आंदोलन बनाने का प्रयास किया। शुक्र है कि सुरक्षा बलों ने शाम तक स्थिति पर नियंत्रण पा लिया। लद्दाख के संगठन अपनी मांग को लेकर चार साल से आंदोलन कर रहे हैं। उनका आंदोलन अब तक शांतिपूर्ण ही रहा है, इसलिए हिंसा के लिए उनको दोषी नहीं बताया जा सकता लेकिन उनको अब और सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अराजक तत्व भविष्य में फिर ऐसा कर सकते हैं और जेन जी का आंदोलन बताने का प्रयास फिर कर सकते हैं।लद्दाख के शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे संगठनों से केंद्र सरकार बात करने वाली थी,हिंसक आंदोलन करने वाले नहीं चाहते हैं कि यह मसला बातचीत से हल हो, लद्दाख के लोगों को इसे समझने की जरूरत है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। पारिवारिक मामले में आपको पूरी निगरानी बनाए रखनी होगी। किसी नए मेहमान का आगमन होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। प्रेम जीवन में सहयोग की भावना बनी रहेगी। सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी। आपका भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपका किसी चल-अचल संपत्ति को खरीदने का सपना पूरा होगा। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने को लेकर जा सकते हैं।

**मिथुन** आज का दिन आपके में लिए धन के मामले में थोड़ा सावधान रहने को रहेगा। आप अपने करीबियों का विश्वास जीतने में कामयाब रहेंगे। यदि अपने जीवनसाथी को शॉपिंग पर लेकर जाएं, तो आप उसमें अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखेंगे। यदि आप किसी वाहन आदि की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो उसके लिए दिन अच्छा रहेगा, जो लोग शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना चाहते हैं, उनको थोड़ा सावधान रहना होगा। आप अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलें और किसी से बेवजह वाद-विवाद में ना पड़ें।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। तकनीकी समस्या के कारण आप परेशान रहेंगे। प्रॉपर्टी को लेकर कोई मुद्दा छिड़ सकता है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका खर्च अधिक होगा। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ा सावधान रहना होगा। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है, जिससे आपकी टेंशन बढ़ेगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपका बिजनेस बेहतर चलेगा और आप अपने कुछ नई योजनाओं को लेकर कहीं बाहर भी जा सकते हैं। घर-परिवार में चल रही कलह फिर से सिर उठाएगी, जिससे आपने बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी माताजी से भी कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करनी होगी। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचना होगा। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपके सामने आज कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहेगा, जिससे आपको मेहनत भी अधिक करनी होगी। आज आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं।

**तुला** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है, लेकिन आप अपने ऊर्जा को सभी कामों में लगाएं, क्योंकि कार्यक्षेत्र में कोई आपको बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है। आपके पिताजी को कोई पैरों से संबंधित समस्या हो सकती है। आप उनकी सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आपको बिजनेस से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है और आप कोई बड़ा जोखिम न ले, नहीं तो इससे बाद में आपको कोई भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा।

**वृश्चिक** आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होगी। यदि जीवनसाथी से आपने कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। मित्रों और सगे संबंधियों से आपकी खूब पटेगी। आपकी वाणी आपको मान सम्मान दिलवाएगी। आपका धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। शारीरिक समस्याओं को लेकर आपको थोड़ा एतियात बरतनी होगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपके मन में ईर्ष्या की भावना बनाए रखेंगे। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। नौकरी को लेकर काम को लेकर परेशान चल रहे लोगों को मन मुताबिक काम मिलने की संभावना है। आप कोई प्रॉपर्टी से जुड़े मुद्दे को फाइनल कर सकते हैं। आपका कोई विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कानूनी मामले में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आर्थिक मामलों में आपको सफलता हासिल होगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सांसारिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपको अपनी आय और व्यय में भी तालमेल बनाकर चलना होगा। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आप अपनी संतान के मन में चल रही इच्छाओं को जानने की कोशिश करेंगे। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें।

**मीन** आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आज आपको काम को लेकर टेंशन रहेगी और आपकी किसी सदस्य से कहासुनी होने की संभावना है। जीवनसाथी को नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। राजनीति में काम कर रहे लोगों को उनके सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा, जिससे उनके जनसंपर्क में भी इजाफा होगा। आप अपने बॉस की बात को नजरअंदाज ना करें, नहीं तो आपके बेवजह के लड़ाई-झगड़े हो सकते हैं।

# जाति-मुक्त भारत की ओर इलाहाबाद हाईकोर्ट क़ा ऐतिहासिक आदेश और यूपी सरकार की त्वरित पहल

**किशन सनमुखदास भावनानी**

गोंदिया - भारत में जाति व्यवस्था ने भारतीय राजनीति में आज व्यापक रूप ले लिया है, और ये विवादों की सबसे बड़ी जड़ बन गई है। जातिगत पार्टियों की बहस में अब गवर्नेंस की कमी स्पष्ट होती जा रही है। चाहे यूपी हो या बिहार, कास्ट-बेस्ड पोलिटिकल पहचान डेमोक्रेसी के लिए बड़ी भीड़ जुटाती है, लेकिन शासन प्रशासन के लिए जिम्मेदारी निभाना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस इलेक्शन में सभी पोलिटिकल पार्टीज को चुनौती दी जाती है कि वो कास्ट और रिलिजन से ऊपर उठकर काम करें और सबके लिए काम करने का वादा पूरा करें।यूपी में एक बार फिर जाति के नाम पर सियासत हो रही है, लेकिन इस बार स्टाइल एकदम अलग है, हर बार जाति जानकर,जाति पूछकर राजनीतिक दल रणनीति बनाते हैं, लेकिन इस बार मामला उलट है, इस बार तो बवाल इस बात पर है कि यूपी में जाति नहीं बताई जाएगी,ना जातियों के नाम पर रैलियां होंगी,ना जाति से जुड़े नोटिस बोर्ड लगेंगे,ना पुलिस रिकॉर्ड्स में जाति मेंशन होगा, ना ही वाहनों पर जाति लिखकर जोर दिखाया जाएगा,युपी सरकार ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है,यूपी सरकार को ऐसा करने के लिएइलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा था, हालांकि सरकार ने जो आदेश जारी किया उसमें कुछ चीजें कोर्ट के बताए सुझावों से एक्स्ट्रा भी हैं, दिलचस्प ये है कि कोर्ट का ये आदेश जाति से जुड़ी किसी याचिका को लेकर नहीं आया बल्कि हुआ ये कि इटावा के जसवंत नगर थाने की पुलिस ने 29 अप्रैल, 2023 को एसयूवीं रोकी थी, जिसमें तीन लोग पकड़े गए। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में पेश की और प्रिक्रिया के होते हुए,16 सितंबर 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक आदेश जारी किया मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इसने पूरे देश में नई बहस को जन्म दिया है।अदालत ने कहा कि पुलिस दस्तावेजों, एफआईआर, अपराध रजिस्टर और सरकारी अभिलेखों में जाति का उल्लेख करना भारतीय संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। संविधान का अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 15 (भेदभाव के खिलाफ सुरक्षा) सीधे-सीधे जातिगत पहचान पर आधारित किसी भी भेदभाव को निषिद्ध करते हैं।अदालत ने यह स्पष्ट किया कि किसी अपराध की जांच में व्यक्ति की जाति अप्रासंगिक है और जातीय उल्लेख समाज में विभाजन को गहरा करता है। इस आदेश ने जातिवाद पर संस्थागत प्रहार किया और इसे "विकसित भारत 2047" के सपने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना गया।इसको सफल बनाना है तो जातिवाद को समाप्त करना ही होगा। न्यायालय ने इसे केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक सुधार का हिस्सा बताया। यदि भारत अगले 22 वर्षों में जाति-मुक्त समाज बना लेता है, तो दुनियाँ के सामने यह सबसे बड़ा लोकतांत्रिक प्रयोग होगा।इस आदेश में कहा गया है कि एससी-एसटी एक्ट जैसे मामले इस आदेश से प्रभावी नहीं होंगे।हाईकोर्ट के आदेश के सिर्फ एक हफ्ते के भीतर 23 सितंबर 2025 को यूपी सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शासनादेश जारी किया। इस आदेश के तहत निर्देश दिया गया कि अब से पुलिस अभिलेखों,सरकारी रजिस्टरों और प्रशासनिक फाइलों में जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा। साथ ही, राज्य सरकार ने सभी विभागों को यह भी आदेश दिया कि जातीय पहचान को दर्ज करने की प्रथा समाप्त की जाए।यूपी सरकार ने इस कदम को सामाजिक समरसता और "सबका साथ, सबका विकास" की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया। इसे जातिवाद समाप्त करने कीराजनीतिक इच्छाशक्ति का उदाहरण माना गया।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेजाति-मुक्त भारत की ओर इलाहाबाद हाईकोर्ट क़ा ऐतिहासिक आदेश और यूपी सरकार की पहल।

साथियों बात अगर हम भारत के लिए यूपी मॉडल,एक राष्ट्रीय प्रयोगशाला होने की करें तो यूपी,जो भारत का सबसे बड़ा राज्य है, अक्सर राजनीतिक और सामाजिक प्रयोगों की प्रयोगशाला माना जाता है। यदि यहाँ जातीय उल्लेख को समाप्त करने की नीति सफल होती है, तो यह अन्य राज्यों के लिए भी मॉडल बन सकती है। 2047 तक विकसित भारत के विजन को सफल बनाने के लिए इस पहल को "मील का पत्थर" कहा जा रहा है। सामाजिक वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि जाति को प्रशासनिक दस्तावेजों से हटाया गया तो धीरे-धीरे यह चुनावी राजनीति और सामाजिक व्यवहार से भी कमज़ोर होगी।जातीय राजनीति पर विराम लगेगा और लोकतंत्र की नई दिशा मिलेगी, भारत की राजनीति लंबे समय से जातीय समीकरणों पर आधारित रही है। प्रत्याशी चयन, टिकट वितरण, गठबंधन और चुनावी रणनीति सब जाति के अंकगणित पर टिकी रहती हैं। यदि प्रशासनिक स्तरपर जाति का उल्लेख ही नहीं होगा, तो धीरे-धीरे जातीय पहचान की राजनीतिक महत्ता घटेगी। इससे लोकतंत्र अधिक विचार-आधारित और विकास-आधारित हो सकेगा। जातिवाद पर यह प्रहार भारतीय लोकतंत्र को उसकी मूल आत्मा,"एक व्यक्ति, एक वोट",के असली स्वरूप के बहुत सटीक करीब ले जाएगा।

साथियों बात अगर हम क्या भारत में जाति-मुक्त समाज संभव है? इस प्रश्नों को समझने की करें तो,सवाल उठता है कि क्या भारत जैसा विशाल और विविधतापूर्ण देश जाति-मुक्त समाज बना सकता है? उत्तर यह है कि कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। जाति-मुक्त समाज बनने से निम्नलिखित फायदे होंगे(1) सामाजिक समानता-कोई ऊँच-नीच नहीं, सबको समान सम्मान। (2) आर्थिक अवसरों की समानता-रोजगार और शिक्षा में अवसर जाति से नहीं, क्षमता से तय होंगे। (3) राजनीतिक स्थिरता-जातीय संघर्ष और वोट-बैंक कीराजनीति कम होगी।(4)राष्ट्रीय एकता- जाति -धर्म की दीवारें गिरने से भारत की वैश्विक छवि मजबूत होगी।जाति-आधारित राजनीति खत्म करने की आवश्यकता- जाति-आधारित राजनीति ने भारत में कई बार समाज को विभाजित किया है। यदि राजनीतिक पार्टियाँ जातीय समीकरणों पर टिकट देना बंद करें और केवल योग्यता, सेवा और विकास के एजेंडे पर चुनाव लड़ें तो लोगों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। समाज में झगड़े-झमेले घटेंगे और राष्ट्रीय ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में तेज़ी से लगेगी। साथियों बात अगर हम एमवाय और पीडीए की राजनीति विभाजन की जड़ और लोकतंत्र में आंकड़ों के खेल को समझने की करें तो, भारतीय राजनीति में एमवाय (मुस्लिम-यादव) और पीडीए (पिछड़ा-दलित- अल्पसंख्यक) समीकरणों ने दशकों तक पार्टियों की चुनावी रणनीति तय की। इससे जाति और धर्म को एक स्थायी राजनीतिक औजार की तरह इस्तेमाल किया गया। यदि जातीय व्यवस्था से भारत को मुक्ति मिलती है, तो ये समीकरण अप्रासंगिक हो जाएंगे और राजनीति असली मुद्दों, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सुरक्षा,पर केंद्रित होगी।लोकतंत्र में आंकड़ों का खेल- जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा और समाज़ क़ा वेटज़-भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में अक्सर चुनावों को जातीय, धार्मिक और क्षेत्रीय आधार पर बांट दिया जाता है। किसी समुदाय की जनसंख्या का "वेटेज" जितना अधिक होता है, राजनीतिक पार्टियाँ उतनी ही उसकी परवाह करती हैं। यही कारण है कि हर पार्टी का चुनावी रोडमैप जातीय समीकरणों पर आधारित होता है। लेकिन यदि जातीय उल्लेख बंद हो जाएगा, तो धीरे-धीरे यह वेटेज अप्रासंगिक होगा और लोकतंत्र वास्तविक रूप से जन-केन्द्रित बनेगा।

साथियों बातें अगर हम जाति समीकरणों के इतिहास को समझने की करें तो,1950 से 1990 तक जातीय राजनीति का विकास भारत की आज़ादी के बाद राजनीति में जातीय समीकरण धीरे-धीरे हावी होते गए।(1)1950-1970-इस दौर में ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम राजनीति के केंद्र में रहे। कांग्रेस ने इन्हें संतुलित करने की कोशिश की।(2)1974-पिछड़ी जातियों के नेताओं का उदय शुरू हुआ, जिसने राष्ट्रीय राजनीति का समीकरण बदल दिया। (3)1990-मंडल आयोग, पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने के फैसले ने जातीय राजनीति को स्थायी रूप से स्थापित कर दिया। इसके बाद से हर चुनाव जातीय समीकरणों के इर्द-गिर्द घूमने लगा।

साथियों बात अगर हम आरएसएस प्रमुख और प्रधानमंत्री के बयान को समझने की करें तो 28 अगस्त 2025 को आरएसएस प्रमुख ने कहा था कि "जाति अब समाज को बांटने का औजार नहीं रहनी चाहिए, यह केवल एक सामाजिक बुराई है जिसे समाप्त करना ही होगा।" यह बयान समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत माना गया।

# सामाजिक जीवन की अनमोल धरोहर संयम.....

**तमन्ना मतलानी,गोंदिया**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में एकत्रित रहते हुए भी हमें अनेक सामाजिक कर्तव्यों का पालन करना पड़ता है। इन सभी कर्तव्यों का पालन करते हुए मनुष्य जीवन में कभी-कभी तो भगवान शंकर की तरह विष का प्याला भी पीना पड़ता है। इसका मतलब साफ है कि मनुष्य जीवन एक सरिता की भाँति है, जिसमें सुख-दुख, उतार-चढ़ाव और संघर्ष निरंतर बहते रहते हैं। कोई भी मनुष्य ऐसा नहीं है, जिसने कठिन समय का सामना न किया हो। विपरीत परिस्थितियों में विजय पाने का सबसे सशक्त साधन आत्म-संयम ही है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में संयम का होना अत्यंत आवश्यक है। संयम, मनुष्य के अंतःकरण का एक उज्ज्वल गुण है, जो उसे अमूल्य शक्ति प्रदान करता है। जिस हृदय में संयम का दीप प्रज्वलित रहता है, वहां सफलता का मार्ग स्वयं आलोकित हो उठता है। सुखमय जीवन के लिए विचारों में शांति और भावों में संतुलन अनिवार्य है और यह संतुलन तभी संभव है जब मनुष्य के भीतर संयम का सतत् प्रवाह बना रहे। ऊपर दिए गए विवरण से मन में यह प्रश्न भी स्वाभाविक रूप से आता है कि क्या मनुष्य के लिये हर परिस्थिति में संयम रखना उचित है या कुछ अवसरों पर दृढ़ प्रतिक्रिया देना भी आवश्यक हो जाता है? अगर हम सरल शब्दों में संयम का अर्थ समझें तो संयम हमें अपने विचारों, भावनाओं, इच्छाओं और आचरण पर नियंत्रण करना सिखाता है। यह केवल व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारता ही नहीं, बल्कि समाज में सौहार्द्र, भाईचारा और आपसी प्रेम बनाए रखने में भी सहायक होता है। आत्म-संयम से व्यक्ति के अंदर की निर्णय क्षमता परिपक्व होती है। जब कोई क्रोध को वश में रखता है, तो उसका विवेक और दूरदृष्टि बढ़ती है। ऐसे व्यक्ति के संबंध अन्य सभी के साथ सुदृढ़ रहते हैं, क्योंकि रिश्तों को बनाए रखने के लिए सामाजिक जीवन में धैर्य और संयम अनिवार्य हैं। किसी भी घटना पर जल्दबाजी में प्रतिक्रिया देना या बिना समझे विवाद में किसी से उलझना, संबंधों में कटुता ला सकता है। इसीलिए मन की शांति और सफलता प्राप्त करने के लिए संयम होना आवश्यक है। संयमित व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता और लंबी अवधि तक सफलता का स्वाद चखता है। यह भी सत्य है कि संयम बनाए रखने की भी एक सीमा होती है। यदि आवश्यकता से अधिक संयम बरता जाए, तो यह आत्म-सम्मान और अधिकारों के हनन का कारण बन सकता है। कुछ लोग अन्याय सहते हुए भी मौन रहते हैं, गलत बात का विरोध नहीं करते हैं। इसे हम व्यक्ति के गुण के रूप में नहीं देख सकते, बल्कि यह तो दुर्बलता के लक्षण है। हमने ऐसे अनेक लोग देखे होंगे जो निरंतर चुप रहकर अनेक प्रकार के अपमान सहते रहते हैं। यह मौन उनके मन में नकारात्मकता भर देता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यदि कोई अपने आत्म-सम्मान को ठेस पहुँचने पर भी मौन रहे, तो उसका जीवन मृत आत्मा के समान प्रतीत होता है । संयम को बुद्धिमत्ता और परिस्थिति के अनुसार अपनाना चाहिए। यदि संयम से समस्या का समाधान संभव है, तो यह गुण वंदनीय है किन्तु यदि संयम से हानि हो रही है या हमारे स्वाभिमान को ठेस लग रही है तो ऐसे समय में उचित प्रतिक्रिया देना ही सर्वश्रेष्ठ हो सकता है क्योंकि किसी शायर ने भी बहुत खूब कहा है, "अगर जिंदा है तो जिंदा होने का अहसास तो करा...." अपमान और अन्याय सह कर भी मौन रहना एक मृत शरीर के समान ही तो है। संयम निस्संदेह एक महान गुण है परंतु अंधभक्त की भाँति हर स्थिति में इसका दामन थामे रखना उचित नहीं है। परिस्थिति को भली-भांति परखकर ही संयम और आत्म-सम्मान के बीच संतुलन रखना चाहिए। यही संतुलन जीवन को सफल, सुखी और सार्थक बनाता है।



आइए हम सभी मिलकर सभी सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए संयम के वास्तविक महत्व को समझें, अपने आत्म-सम्मान और अधिकारों की रक्षा करें और संयम को जीवन में उसके उचित स्थान पर प्रतिष्ठित करें। अंत में सिर्फ इतना ही कहूंगी कि अपने अंतर्मन को समझ कर संयम के साथ ही प्रतिक्रिया देना भी जरूरी है। अगली कड़ी में फिर हम सभी मिलकर ऐसे ही जटिल और संवेदनशील विषयों पर चर्चा करते रहेंगे......

# फ़ाइल में दफन जिंदगी

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

रामकांत, जो अपनी माँ की पेंशन की फ़ाइल लेकर सरकारी दफ्तर के चक्कर काट रहा था, उसे लगता था कि समय किसी नदी की तरह बहता है। पर यहाँ, इस सरकारी दफ्तर में, समय सीमेंट की तरह जम गया था। सालों पुरानी धूल की परतें मेजों पर इस तरह बिछी थीं, जैसे किसी प्राचीन सभ्यता का उत्खनन हो रहा हो। हर बाबू की कुर्सी एक सिंहासन थी, जिस पर वे ऐसे बैठे थे, मानो किसी अज्ञात साम्राज्य के अंतिम शासक हों। रामकांत ने जब बाबू के सामने पहली बार फ़ाइल रखी, तो बाबू ने उसे ऐसे देखा जैसे उसने कोई एलियन वस्तु पेश कर दी हो। बाबू ने अपने चश्मे को नाक पर टिकाया, जो सालों की लापरवाही से अपनी पकड़ खो चुका था, और धीमे से बुदबुदाया, "पेंशन? आज के युग में? बेटे, यह कोई सरकारी योजना नहीं, यह तो एक आध्यात्मिक यात्रा है। इसमें धैर्य चाहिए, तपस्या चाहिए।" रामकांत को लगा कि वह दफ्तर नहीं, किसी आश्रम में आ गया है। बाबू की बात सुनकर उसे लगा कि जैसे मोक्ष के लिए यत्न किया जाता है, वैसे ही यहाँ पेंशन के लिए करना पड़ेगा। 'जिंदगी एक फ़ाइल है और फ़ाइल ही जिंदगी', यह पंचलाइन उसे दर्द दे रही थी। बाबू ने एक गहरी साँस ली और कहा, "तुम्हारे कागज़ात में एक मामूली सी कमी है। 'जन्म प्रमाण पत्र' पर 'दाहिना अंगूठा' नहीं लगा है।" रामकांत ने अपनी आँखें मलते हुए कहा, "बाबू जी, अंगूठा लगा है, देखिए।" बाबू ने चश्मा उतारा और उसे एक सिरे से दूसरे सिरे तक, एक फ़िल्मी अंदाज़ में ऐसे देखा जैसे कोई अपराधी को देख रहा हो। बाबू ने सिर हिलाया और कहा, "अंगूठा तो लगा है, पर स्याही का रंग 'सरकारी नीला' नहीं है। यह तो बाजार वाला काला है। इसे दुबारा लाओ।" रामकांत की आँखों से आँसू छलक आए। "बाबू जी, मेरी माँ बहुत बीमार हैं, उन्हें जल्द दवाई दिलानी है," उसने गिड़गिड़ाते हुए कहा। बाबू ने उसे ऐसे देखा जैसे वह किसी फ़ालतू बात में समय बर्बाद कर रहा हो। एक पल के लिए उसे लगा कि वह किसी ऐसे अस्पताल में खड़ा है, जहाँ दवाई की जगह 'कल आने की पर्ची' मिलती है। अगली सुबह, रामकांत एक नई पेंशन फ़ाइल और 'सरकारी नीली' स्याही वाला अंगूठा लेकर लौटा। लेकिन इस बार बाबू की कुर्सी खाली थी। एक दूसरे बाबू ने उसे ऐसे देखा, जैसे वह कोई भूला हुआ इतिहास हो। "वो बाबू? वो तो कल से छुट्टी पर हैं। अब फ़ाइल यहाँ जमा होगी। पर सुनो," उसने एक रहस्यमयी मुस्कान के साथ कहा, "इसमें एक नई कमी है। 'आयु प्रमाण पत्र' में 'माँ का नाम' अंग्रेजी में लिखा है, जबकि आवेदन हिंदी में है। यह तो नियम के विरुद्ध है।" रामकांत ने कहा, "बाबू जी, नाम तो अंग्रेजी और हिंदी में एक ही होता है।" बाबू ने एक लंबी साँस ली, जैसे वह किसी मूर्ख को समझा रहा हो। "बेटा, यहाँ भाषा का मुद्दा नहीं है, नियम का मुद्दा है। हमारे 'सरकारी व्याकरण' में एक ही नाम को अलग-अलग जगह अलग-अलग माना जाता है।" रामकांत के सिर में दर्द होने लगा। 'अरे, यह क्या है, आदमी नहीं, नियमों का पुतला है,' उसने सोचा। उसे याद आया कि कैसे गाँव में एक पेड़ के नीचे बैठ कर उसने अपनी माँ का नाम दोनों भाषाओं में लिखा था। 'उस वक़्त लगा था कि दुनिया बहुत सरल है,' उसने मन ही मन सोचा। बाबू ने फ़ाइल वापस कर दी और कहा, "इसे 'फ़ॉर्म 25 बी' के साथ दुबारा जमा करो। पर सुनो, फ़ॉर्म की एक प्रति 'मुख्य सचिव कार्यालय' में भी जमा करनी होगी, ताकि उनकी 'आशीर्वाद' प्राप्त हो सके।" रामकांत ने सोचा कि यह दफ्तर नहीं, बल्कि एक धार्मिक स्थल है, जहाँ हर अधिकारी एक नया देवता बन बैठा है। 'यहाँ दर्शन के लिए पर्ची नहीं, बल्कि जिंदगी का आधा हिस्सा गिरवी रखना पड़ता है', उसे लगा। वह वहाँ से निकला, पैरों में जान नहीं थी, पर उम्मीद का बोझ अब भी बाकी था। घर आकर रामकांत ने जब अपनी माँ को देखा, तो उसकी आँखों में नमी आ गई। माँ का शरीर सूखा हुआ था, और उनकी आँखें बेसब्री से रामकांत को देख रही थीं। "बेटा, पेंशन की फ़ाइल का क्या हुआ?" माँ ने धीमी आवाज में पूछा। रामकांत ने अपने आँसू छुपाते हुए कहा, "माँ, बस हो ही गया है। थोड़ा और इंतजार।" माँ ने सिर हिलाया, उनकी आँखें बंद हो गईं, मानो उन्हें पता था कि 'थोड़ा इंतजार' का मतलब 'जिंदगी भर का इंतजार' होता है। रामकांत ने माँ के हाथों को छुआ, जो अब सिर्फ हड्डियों का ढाँचा थे। उसे लगा कि उसकी माँ सिर्फ साँस नहीं ले रही हैं, बल्कि सरकारी फ़ाइल की तरह धीरे-धीरे दम तोड़ रही हैं। 'यहाँ, इंसान मरता नहीं, बल्कि फ़ाइल के अंदर दफ़न हो जाता है,' उसे लगा। रात भर वह जागता रहा, फ़ाइल को देखता रहा, जिसमें उसकी माँ की एक तस्वीर लगी थी। उस तस्वीर में माँ मुस्कुरा रही थी, एक ऐसी मुस्कान, जो अब सिर्फ अतीत की बात थी। उसे याद आया कि उसकी माँ ने उसे कहा था, "बेटा, ईमानदारी से काम करना। सच हमेशा जीतता है।" रामकांत ने हँसते हुए सोचा, 'माँ, यहाँ सच और झूठ की लड़ाई नहीं है। यहाँ सिर्फ फ़ाइल की लड़ाई है, और फ़ाइल हमेशा जीतती है।' उसे लगा कि वह अपनी माँ से नहीं, बल्कि एक अदृश्य दुश्मन से लड़ रहा था, जिसका नाम 'व्यवस्था' था। अगले दिन, रामकांत ने एक और फ़ाइल तैयार की, जिसमें एक नया फ़ॉर्म, 25 बी, भरा गया था। इस फ़ॉर्म में एक नया कॉलम थाः 'आवेदनकर्ता का 'अधूरी जिंदगी' का प्रमाण पत्र'। उसे लगा कि यह कोई फ़ॉर्म नहीं, बल्कि उसकी आत्मा का बायोडाटा था। बाबूराम ने मुस्कुराते हुए फ़ाइल ली और कहा, "देखो, अब ठीक है। पर एक और बात, फ़ाइल को अंतिम अनुमोदन के लिए 'सेक्शन अधिकारी' के पास जाना होगा। वो बड़े आदमी हैं, हमेशा व्यस्त रहते हैं। तुम्हें उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलना होगा।" रामकांत को लगा कि वह पेंशन लेने नहीं, बल्कि किसी देवता का आशीर्वाद लेने जा रहा था। सेक्शन अधिकारी का कमरा ऐसा था, जैसे कोई रहस्यमयी गुफा हो, जिसमें प्रवेश करने के लिए 'अनुरोध की अर्जी' और 'पचास रुपये का प्रसाद' जरूरी था। रामकांत ने हिम्मत करके दरवाजा खटखटाया। अंदर से एक भारी आवाज आई, "कौन है?" रामकांत ने कहा, "साहेब, मैं रामकांत, माँ की पेंशन फ़ाइल..." सेक्शन अधिकारी ने उसे एक क्षण के लिए देखा और फिर अपनी फाइल में ऐसे खो गए, जैसे उसे देखा ही न हो। रामकांत को लगा कि वह वहाँ मौजूद ही नहीं है, बल्कि एक अदृश्य भूत की तरह भटक रहा है। सेक्शन अधिकारी ने बिना सिर उठाए कहा, "फ़ाइल जमा कर दो और कल आना। और हाँ, यहाँ बात करने के लिए 'साहब' नहीं, 'मालिक' कहा करो।" रामकांत को लगा कि वह पेंशन नहीं, बल्कि अपने स्वाभिमान की भीख माँग रहा था। अगले दिन, रामकांत 'मालिक' के दफ्तर में पहुंचा, जहाँ उसे बताया गया कि फ़ाइल 'मुख्य सचिव' के पास चली गई है। मुख्य सचिव, जो एक पौराणिक जीव की तरह थे, सिर्फ कुछ खास दिनों में ही प्रकट होते थे। रामकांत ने एक चपरासी को पकड़कर पूछा, "भाई, मुख्य सचिव से कैसे मिला जा सकता है?" चपरासी ने उसकी तरफ ऐसे देखा, जैसे उसने कोई बेतुका सवाल पूछ लिया हो। "साहेब, वो तो 'गुप्त' व्यक्ति हैं। उनसे मिलने के लिए 'विशेष अनुमति पत्र' चाहिए।" रामकांत ने पूछा, "वो कहाँ मिलेगा?" चपरासी ने दीवार पर लगी एक तस्वीर की ओर इशारा किया, जिसमें एक अधिकारी मुस्कुरा रहा था। "वो यहाँ मिलेंगे। पर सुनो, उनकी 'मुस्कुराहट' के पीछे की 'फीस' बहुत महंगी है।" रामकांत ने सोचा कि यह कोई दफ्तर नहीं, बल्कि एक म्यूज़ियम है, जहाँ हर चीज़ के लिए टिकट खरीदना पड़ता है। 'यहाँ, गरीब को गरीब बने रहने के लिए भी रिश्वत देनी पड़ती है,' उसे लगा। चपरासी ने उसे एक कागज का टुकड़ा दिया, जिस पर एक पता लिखा था, "गुप्त मीटिंग स्थल"। रामकांत को लगा कि वह किसी जासूसी फिल्म का हिस्सा बन गया है, जहाँ हर कदम पर एक नया रहस्य होता है। उसे पता चला कि वह मीटिंग स्थल कोई दफ्तर नहीं, बल्कि एक होटल का कमरा था। 'अरे, ये तो 'ऑफिस' की जगह 'ऑफ़िस-ऑफ़-टेंस' (ऑफ़िस-ऑफ़-टेम्पटेन्स) है,' उसे लगा। रामकांत ने अपनी जेब से आखिरी 500 रुपये निकाले और चुपचाप होटल के कमरे में गया। मुख्य सचिव एक सोफे पर बैठे थे, उनके सामने एक और आदमी बैठा था जो उनकी चापलूसी कर रहा था। रामकांत ने अपनी फ़ाइल उनके सामने रखी और पैसे टेबल पर रख दिए। मुख्य सचिव ने एक नज़र फ़ाइल पर डाली और पैसे पर, और फिर दोनों को ऐसे अनदेखा कर दिया जैसे वो वहाँ थे ही नहीं। उन्होंने अपने सामने बैठे आदमी से कहा, "देखो, आज 'माहौल' बहुत ख़राब है। लोगों को लगता है कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं। हमें उन्हें एक 'संदेश' देना होगा।" रामकांत को लगा कि वह अपने जीवन की सबसे बड़ी भूल कर रहा था। मुख्य सचिव ने कहा, "इनकी फ़ाइल को 'जल्द से जल्द' खत्म करो, और हाँ, इसे एक 'विशेषाधिकार' के रूप में दिखाना।" उन्होंने रामकांत को देखा और एक कठोर मुस्कान के साथ कहा, "चिंता मत करो, तुम्हारा काम हो जाएगा। पर अब जाओ, यहाँ से।"

एक नजर

## रन फॉर आयुर्वेद के प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवन का संदेश दिया



**बीजापुर 25 सितम्बर।** आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर आयुर्वेद का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेद के प्रति जनजागृति फैलाना और स्वस्थ जीवन के लिए प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के माध्यम से प्रतिभागियों ने आयुर्वेदिक जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुरूप दिनचर्या का पालन करने और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ रहने की शपथ भी ली। शपथ में दैनिक आहार-विहार, योग, प्राणायाम, समय पर सोना और जागना जैसे आयुर्वेदिक नियमों को जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में विभाग के अधिकारियों द्वारा आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे आधुनिक जीवन में अधिकाधिक अपनाने की अपील की गई। आयुष विभाग द्वारा आयोजित यह आयोजन जनस्वास्थ्य की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा, जिसने आयुर्वेद के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पुनर्वास केंद्र के बच्चों ने दी नशामुक्ति की प्रेरणा



**बीजापुर 25 सितम्बर।** रजत जयंती एवं सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में 21 सितंबर को समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के दिव्यांग बच्चों द्वारा एक विशेष नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने ड्राइंग और पेंटिंग के माध्यम से समाज को नशा से दूर रहने का सशक्त संदेश दिया।कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता देखने को मिली, जहाँ उन्होंने रंगों के माध्यम से यह दर्शाया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को प्रभावित करता है। उनकी चित्रकारी में आशा, स्वच्छ जीवन और स्वास्थ्यपूर्ण भविष्य की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और आम जनमानस ने बच्चों के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को यह बताना था कि नशा छोड़कर एक स्वच्छ, स्वस्थ और संयमित जीवन संभव है दृ और इस संदेश को बच्चों ने बेहद प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने का माध्यम बना, बल्कि समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में भी एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुआ।

## कांकेर जिले में अब तक 1179 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कांकेर, 25 सितंबर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 1179.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा दुर्गूकोंदल तहसील में 1553.7 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 857.4 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 1470.8 मिलीमीटर, चारामा तहसील में 1057.1 मिलीमीटर, अंतागढ़ में 1264, पखांजूर में 1038.8 नरहरपुर में 884.7, सरोना में 878.7 मिलीमीटर, आमाबेड़ा में 1387.9 मिलीमीटर, कोयलीबेड़ा तहसीली में 1456.8 और बांदे तहसील में 1193.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में सरोना तहसील में सबसे अधिक 11.7 मिलीमीटर और कांकेर तहसील में सबसे कम 2.8 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

# बालिका आवासीय पोटा केबिन आश्रम चितालूर जर्जर स्थिति में, छात्राएं असुरक्षित

## किचन एवं डायनिंग हॉल की छत गिर सकती है कभी भी, हो सकता है बड़ा हादसा


तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 25 सितंबर।** दंतेवाड़ा जिले के चितालूर पंचायत में स्थित कन्या आवासीय पोटा आश्रम जो राजीव गांधी शिक्षा मिशन जिसे अब समग्र शिक्षा के नाम से जाना जाता है के अधीन संचालित है। यह आश्रम बुरी तरह से जर्जर एवं बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। अभी मानसुन सत्र है बारिश होने से आश्रम भवन और भी ज्यादा जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गया है। आश्रम के दरवाजे खिडकिया सब खराब हो चुके हैं। किचन कक्ष एवं खाना खाने वाला हॉल भी गिरने के कगार पर है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा इस आश्रम में घटित हो सकता है इससे इंकार नहीं किया जा सकता। खिड़कियों के पल्ले टूटे होने से यहां कोई भी बाहरी व्यक्ति खिड़की से तांक झांक करता है ऐसी परिस्थितियों में यहां रहकर पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चियां अपने को असुरक्षित महसूस करती हैं। इन सब बदहाली को देखते जानते हुए भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी आखिर क्यों मौन साधे हुए हैं? क्या किसी बड़ी घटना के होने का इंतजार किया जा रहा है?

गौरतलब है कि छ0ग0 शासन बस्तर अंचल में स्कूल एवं आश्रम में पढ़ने वाले छात्रों के बेहतरी के लिए हर साल बजट में करोड़ों रूपए समायोजन कर जिलों में भेजती है ताकि स्कूल



एवं आश्रमों में रहकर पढ़ने वाले छात्रों इसका पूर्ण लाभ मिल सके। मगर सवाल वही कि इन रूपयों का कितना फायदा आदिवासी बच्चों के शिक्षण एवं उनके पढ़ाई लिखाई, खान पान में खर्च किया जाता है। यह सबको मालुम है। चितालूर कन्या आवासीय पोटा आश्रम 400 सीटर है। वर्तमान में यहां 385 के करीब छात्राएं रहकर अध्ययन कर रही हैं। पहली कक्षा से लेकर 8वीं तक के छात्राएं यहां रहकर पढ़ाई करती हैं। आश्रम की बदहाल स्थिति की सूचना उपरांत पंचायत के सरपंच, पंच एवं आश्रम की अधीक्षिका की अनुमति प्राप्त कर आश्रम के बाहरी हिस्से का एक सामान्य निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि आज की तारीख मे यह आश्रम भवन बच्चों



के रहने लायक बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है। आश्रम की दरो दीवार में जमाने से कलर पेंट, पुताई नहीं हुआ है। दीवारों में जगह जगह सीढन आ चुका है। आश्रम की खिड़किया के पल्ले सडकर टूटकर उखड़ चुके हैं। दरवाजे भी खराब हो चुके हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चियों को बारिश के मौसम में होता है। ऐसी स्थिति में छात्राएं आखिर कैसे इन आश्रमों में रहकर अपना भविष्य गढ़ पाएंगी यह बड़ा सवाल है। किचन एवं जिस हाल में बैठकर छात्राएं एक साथ भोजन करती हैं वह भी जर्जर हो चुका है कभी भी हाल का छत गिर सकता है ऐसी स्थिति बन चुकी है। हालांकि सुरक्षा के लिहाज से छात्राओं को अब वहां नहीं बैठाया जाता । सभी छात्राएं भोजन की थाली लेकर अपने कमरे में बैठकर भोजन करती हैं। खिड़कियों के पल्ले टूटे होने से कोई भी बाहरी व्यक्ति खिड़की से अंदर झांक सकता है। ऐसे में वहां रहने वाली छात्राएं हमेशा भयजदा रहती है। यह बेहद की गंभीर एवं घोर लापरवाही को दर्शाता है। आश्रम अधीक्षीका एवं पंचायत के सरपंच की मानें तो आश्रम की बदहाली के विषय में करीब करीब जिले के सभी बड़े अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्वयं विधायक भी जानते हैं कि यह आश्रम जर्जर हो चुका है बावजूद जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने सालों पूर्व इस आश्रम को समय रहते इसकी मरम्मत करना जरूरी नहीं समझा। वर्तमान सरपंच का कहना है कि कई बार लिखकर भी दिया जा चुका है पहले के सरपंचों ने भी लिखा पढ़ी किया है मगर राजीव गांधी शिक्षा मिशन के अधिकारी तथा यहां के जनप्रतिनिधियों ने आश्रम की स्थिति को सुधारने के तरफ ध्यान नहीं दिया। कायदे से तो आश्रम को मानसून पूर्व ठीक कर दिया जाना चाहिए था।

**- चितालूर कन्या आवासीय पोटा आश्रम के जीर्णोद्धार के लिए प्राक्कलन तैयार कर शासन को भेजा गया है। करीब 1 करोड़ 36 लाख का इस्टीमेट तैयार हुआ है जिसमें किचन भोजन हाल कक्ष का नये सिरे से निर्माण भी किया जाना प्रस्तावित है। जैसे ही इसकी स्वीकृति मिलेगी। निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।**

**- ए.आर.खरे, कार्यपालन यंत्री,आरईएस विभाग दंतेवाड़ा**

## भाजपा अजा मोर्चा ने पदयात्रियों को फल, बिस्किट, चाय, पेयजल वितरित किया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 25 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शारदीय नवरात्री के उपलक्ष्य में बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन हेतु दंतेवाड़ा आ रहे श्रद्धालु पदयात्रियों को भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा द्वारा भाजपा कार्यालय के बहार सेवा हेतु चौपाल लगाकर निशुल्क भोजन,पेयजल,नमो टी स्टाल में चाय एवं बिस्किट तथा फल वितरित किया गया। भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा दंतेवाड़ा अध्यक्ष एवं पार्षद धनसिंग नाग ने बताया की



विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के निर्देशानुसार आज दंतेवाड़ा अनुसूचित जाती मोर्चा द्वारा पदयात्रियों को सेवा दिया जा रहा है साथ ही धनसिंग नाग ने क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्री के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जय भंसाली, मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर, राजेश बोरबन, कमल ठाकुर, परमेन्द्र यादव, आनन्त कश्यप, तुलसी राम नाग, सुरेंद्र नाग, दिनु राम नाग, राजेश बघेल, दलीराम नाग, बचेली मंडल से नरेश चौहान, वेणु प्रसाद,अरेन्द्र सहदेव,सोना ,दिनेश अनिल खुरा, विजय पुनेम, अमित मौर्या,अरुण नाग, प्रफुल अटामी, सुमित मौरिया, रविशंकर अटामी, रवि समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कमिश्नर बस्तर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से ली कृषि एवं आनुशांगिक विभागों की समीक्षा बैठक**

## अतिवृष्टि प्रभावित किसानों एवं पशुपालकों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश

**जगदलपुर, 25 सितम्बर।** कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने कहा कि किसानों एवं ग्रामीणों की आय संवृद्धि के लिए कृषि सहित अन्य संबंधित विभागीय योजनाओं से उन्हें लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करें और योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। खेती-किसानी की नवीन तकनीक, उद्यानिकी फसलों का क्षेत्र विस्तार, साग-सब्जी उत्पादन एवं मसाला फसल की पैदावार लेने, पशुपालन, कुक्कुटपालन, बकरीपालन, सूकरपालन, मत्स्यपालन इत्यादि



आयमूलक गतिविधियों के लिए आवश्यक परामर्श सहित सहायता की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कृषि सहित उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्यपालन विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर संभाग के अतिवृष्टि प्रभावित जिलों में प्रभावित किसानों एवं पशुपालकों को हरसंभव सहायता प्रदान करने पर जोर देते हुए फसल क्षति, पशुधन क्षति सहित मत्स्यपालन के पोखर-बीज क्षति का आंकलन कर आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा देने के साथ ही डीएमएफ एवं सीएसआर मद से भी आवश्यक मदद देने समुचित पहल करने कहा। कमिश्नर ने बस्तर अंचल में मिलेट्स फसलों की अपार सम्भावनाओं के मद्देनजर कोदो-कुटकी एवं रागी की पैदावार बढ़ाने सहित दलहन-तिलहन की खेती को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए रबी सीजन में भी दलहन-तिलहन पैदावार लेने कृषकों को प्रेरित कर उन्हें उन्नत किस्म के बीज एवं आदान सहायता देने कहा। वहीं उद्यानिकी फसलों के लिए किसानों एवं ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक जिले में उद्यानिकी रोपणी को विकसित किए जाने के निर्देश दिए।

## डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 25 सितंबर।** डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विवेकानंद जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। एनएसएस के प्रभारी शिक्षक श्री के पी सिन्हा के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने एन एस एस के उद्देश्य, युवाओं की सामाजिक सहभागिता और विभिन्न सामाजिक कार्यों में





सहयोग को भी बताया गया।

छात्र-छात्राओं ने एन एस एस गीत व नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया जिसने सभी को प्रभावित किया और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती रूप सक्सेना ने एन एस एस की स्थापना उनके आदर्श व समाज सेवा में उनकी भूमिका को विस्तार से समझाया गया। इसी क्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी आस्था साव के द्वारा भी प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया गया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के श्रीवास्तव के द्वारा छात्राओं को एनएसएस के मूल मंत्र स्वयं से पहले आप को अपना कर समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अजय कुमार झा, राजकुमार राय, एस के मोहंती, दिलहरन सोनवानी का भी विशेष सहयोग रहा ।

कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका श्रीमती रेखा सिंह के दद्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। इस प्रकार यह आयोजन विद्यार्थियों को समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने में सफल रहा।

## शिविर में 98 दिव्यांगजनों का पंजीयन 44 को सहायक उपकरण वितरित

**बलौदाबाजार, 25 सितंबर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को नगर भवन बलौदाबाजार में दिव्यांगजनों का आकलन एवं चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 98 दिव्यांगजनों का पंजीयन एवं 44 लोगों को युड़ीआईडी कार्ड सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किया गया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ,नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद पंचायत



अध्यक्ष शसुलोचना यादव उपस्थित थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में यूडीआईडी कार्ड के लिए 53,चिकित्सा प्रमाण पत्र के लिए 45 लोगों का पंजीयन किया गया। इसीतरह 21 यूडीआईडी कार्ड, 15 दिव्यगजनों का कृत्रिम अंग के लिए माप एवं आंकलन, 3 लोगों को कृत्रिम अंग वितरण,2 ट्राई साइकिल, 2 श्रवण यंत्र,1 बैसाखी वितरण एवं 3 दम्पत्तियों को विवाह प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया गया।

## कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं

**आंतरिक समिति नहीं बनाई तो 50 हजार का जुर्माना**

**जगदलपुर, 25 सितम्बर।** कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया है कि अब जिले की सभी दुकानों, शो-रूम, अस्पतालों, स्कूलों, बैंकों, एनजीओ और ट्रस्टों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य रूप से किया जाना है। यदि 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले किसी भी संस्थान ने यह समिति गठित नहीं की तो उस पर राशि 50 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। श्रम पदाधिकारी भुपेन्द्र नायक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर हरिस एस. के मार्गदर्शन में जिले के संस्थानों में कार्यरत कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए श्रम विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा जिले के सभी निजी संस्थानों का सर्वे किये जाने हेतु दल का गठन किया गया है। साथ ही यह आदेश महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चत करने की दिशा में बड़ा कदम है श्रम पदाधिकारी ने सभी संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे शीघ्र ही आंतरिक समिति गठित करें, जिन संस्थानों में समिति नहीं मिलेगी, उन पर कार्यवाही की जावेगी।

## कलेक्टर ने अधूरे काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए

**बैठक में विभागों की समीक्षा की गई**

**बीजापुर 25 सितंबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की प्रगति पर जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि प्रभावित गांवों में शीघ्र पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी ब्लॉकों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, पैन कार्ड आदि दस्तावेजों से जुड़ी समस्याओं



का जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। बिजली विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं पर चर्चा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। पोटा केबिन आश्रमों और अन्य छात्रावासों में भोजन की गुणवत्ता व बच्चों की स्वास्थ्य जांच पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर ने अधीक्षकों को भोजन व्यवस्था का विवरण फोटो सहित प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए साथ ही में जिले में चल रहे रजत महोत्सव कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की गई। शिक्षा के मुद्दे पर कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता चैबे,सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभागों के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।

## गृह मंत्रालय की टीम ने बाढ़ आपदा प्रबंधन की जानकारी ली

**मुख्यालय के अति वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थल परीक्षण**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 25 सितम्बर।** जिले में बाढ़ आपदा और राहत प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से आई केंद्रीय टीम ने सोमवार को दंतेवाड़ा का दौरा किया। टीम का नेतृत्व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के संयुक्त सचिव एस. के. राकेश कुमार ने किया। इस संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले की भौगोलिक परिस्थितियों, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और राहत-पुनर्वास उपायों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सीईओ ने बताया कि शंकनी और डंकनी नदियों के प्रवाह तंत्र के कारण जिले के कई गांव हर वर्ष बाढ़ की चपेट में आते हैं। इसी क्रम में 26 अगस्त 2025 को हुई



93.7 मिमी भारी वर्षा से अचानक आई बाढ़ ने दंतेवाड़ा सहित आसपास के इलाकों में तबाही मचाई। शाम पांच बजे के बाद दोनों नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से कई गांवों में पानी घुस गया और करीब सोलह घंटे तक स्थिति बनी रही। इस दौरान 91 गांव प्रभावित हुए, 1200 से अधिक लोगों पर असर पड़ा, दो लोगों की मौत हुई और 29 पुल-पुलिया बह गए। प्रशासन ने तत्काल 26 राहत शिविर संचालित किए जिनमें 1116 लोगों को रखा गया। वर्तमान में 12 शिविरों में 495 लोग रह रहे हैं। वहीं 558 मकानों की पूर्ण और 788 मकानों की आंशिक क्षति दर्ज की गई, जबकि 331 हेक्टेयर से अधिक फसल और 126 पशु भी प्रभावित हुए। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित गांवों में बालपेट, बालूद, चितालंका, हारम, बांगापाल, फुण्डरी, बोदली, बड़े तुमनार, कारली, हितामेटा, नेउरनार और बड़े बचेली शामिल रहे। इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री प्रदान की गई, जिसमें आठ हजार वस्त्रों के सैट, 7583 पैकेट सूखा राशन तथा 3453 पैकेट अन्य खाद्य सामग्री बांटी गई। इसके अलावा आर्थिक सहायता के रूप में जिले के छह तहसीलों के 1597 हितग्राहियों को कुल 724 लाख रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई। बैठक में इसके अलावा जिला बीजापुर के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यो की जानकारी कलेक्टर बीजापुर द्वारा दी गई। दौरान केंद्रीय के संयुक्त सचिव एस. राकेश कुमार ने जिला प्रशासन की तैयारियों और राहत कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से आवश्यकतानुसार हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से पुल-पुलियों के निर्माण, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं, अस्थायी आवास और खाद्यान्न आपूर्ति पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। इसके पूर्व केंद्रीय टीम द्वारा मुख्यालय के अतिवर्षा प्रभावित क्षेत्र चितालंका बाईपास मार्ग, चूड़ी टिकरापारा, जीएडी कॉलोनी साइंस सेंटर, और शकनी नदी के क्षतिग्रस्त पुराने पुल का भी स्थल परीक्षण किया। टीम द्वारा अपने दौरे के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं गई और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान बैठक में गृह मंत्रालय और एनडीएमए के अन्य अधिकारी सहित अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे और जिला प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत ग्राम भोगाम में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 25 सितम्बर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके के निर्देशन में ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' के अंतर्गत ग्राम भोगाम में आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, विशेषकर महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श हेतु भाग लिया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ-साथ महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच एवं उपचार किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व संबंधी परामर्श तथा किशोरी बालिकाओं को एनीमिया रोकथाम



हेतु आयरन एवं फोलिक एसिड की जानकारी दी गई। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर ने ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया और कहा कि अधिक से अधिक शिविर में आकर स्वास्थ्य लाभ लें। इसके अलावा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय भुवन कुर्रे ने लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता, समय पर टीकाकरण एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जानकारी दी। साथ ही नारी के स्वस्थ रहने से पूरे परिवार के सशक्त होने का संदेश भी दिया गया। इस मौके पर ग्राम वासियों ने इस पहल का स्वागत किया और शिविर को अत्यंत लाभकारी बताया। इस शिविर में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन उपस्थित थे।

एक नजर

### महतारी सदन बना 'बिहान' दीदियों की उम्मीदों का नया घर

**रायपुर, 25 सितम्बर।** महतारी सदन बना 'बिहान' दीदियों की उम्मीदों का नया घर स्वसहायता समूहों की 'बिहान' दीदियों के लिए कभी छोटी सी बैठक भी बड़ी चुनौती हुआ करती थी। समूह की गतिविधियाँ हों या संकुल की बैठकें, उन्हें गांव के पंचायत भवन या किसी के घर पर जगह मांगनी पड़ती थी। कई बार वहां दूसरी बैठकें होने पर जगह न मिलने से बैठकें टल जाती थीं और उन्हें भटकना पड़ता था। बहुत बार उनका प्रशिक्षण भी बाधित हो जाता था, जिससे संगठन की गति धीमी हो जाती और 'बिहान' का काम प्रभावित हो जाता। महतारी सदन ने अब दीदियों की इस बड़ी चिंता को दूर कर दिया है। अब उन्हें अपनी बैठकों और कार्यक्रमों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वे इस सदन में न केवल संगठनात्मक बैठकें कर पाएंगी, बल्कि नियमित प्रशिक्षण से अपने कौशल को और भी निखार पाएंगी। दीदियों ने इस संवेदनशील पहल के लिए प्रदेश के मुखिया श्री विष्णु देव साय का आभार जताया है।

बिलासपुर जिले के ग्राम सेमरताल की 'बिहान' दीदी सरस्वती धीवर का कहना है, ÷अब हमें ऐसा लगता है मानो हमारा अपना घर हो, जहां हम बैठकर न सिर्फ चर्चा करते हैं, बल्कि अपने सपनों को साकार करने की योजना भी बनाते हैं। इसी तरह ग्राम जलसों की श्रीमती लता सूर्यवंशी कहती है कि अब समूह की महिलाओं को अपनी गतिविधियों और बैठकों के लिए किसी से जगह नहीं मांगनी पड़ेगी। अपनी जगह मिलने से उनमें एक नए आत्मविश्वास का संचार हुआ है। बिहान दीदी गौरी गौरव, पूनम गौतम, चमेली यादव, वंदना केवट, कृष्णा देवी और पीआरपी सावित्री ने कहा कि महतारी सदन का निर्माण केवल एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि हजारों दीदियों के सपनों और आशाओं को पूरा करने वाला सदन है। इस पहल से हम ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास को नई उड़ान मिली है। अब समूह की गतिविधियां महतारी सदन में और अधिक सुनियोजित व प्रभावी ढंग से संचालित होंगी।

### गांव-गांव में डिजिटल सशक्तिकरण



**रायपुर, 25 सितंबर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जिले में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण अंचलों को बैंकिंग सहित सभी सीएससी सेवाएं पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें।मंत्री श्रीमती राजवाड़े सूरजपुर जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित एक बैठक को संबोधित कर रही थीं। इस बैठक में जिले के सभी सरपंचों एवं सीएससी द्वारा अधिकृत वीएलई उपस्थित रहे।बैठक में चर्चा की गई कि अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं, बिजली बिल भुगतान, पेंशन व बीमा योजनाएं, आधार व अन्य शासकीय योजनाओं की सेवाएं सीधे पंचायत स्तर पर उपलब्ध होंगी।मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि यह केंद्र ग्रामीणों की समय और संसाधन की बचत के साथ-साथ उन्हें डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने सरपंचों और वीएलई से अपील की कि वे पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक इन सेवाओं का लाभ पहुँचाएँ।बैठक में विधायक श्री भुलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### जो पढ़ेगा, वही आगे बढ़ेगाः गजेंद्र यादव

**रायपुर, 25 सितम्बर ।** प्रदेश के स्कूली शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण आधार है। गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार कृत संकल्पित हैं। छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा में ठोस रणनीति बनाकर कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही सामने आएंगे। नवरात्रि के पावन अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री यादव ने गुरूरवासियों को नवनिर्मित शाला भवन की सौगात मिलने पर बधाई दी और बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा जो पढ़ेगा, वही आगे बढ़ेगा। शिक्षा मंत्री श्री यादव ने गुरूर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित शाला भवन का लोकार्पण के अवसर पर उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह भवन 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है।

मंत्री श्री यादव ने गुरूर के शाला परिसर में डोम सहित कला मंच, सायकल स्टैण्ड तथा प्रार्थना स्थल में डोम निर्माण की घोषणा की। साथ ही स्वामी आत्मानंद शासकीय कन्या उत्कृष्ट विद्यालय गुरूर के प्रार्थना स्थल में भी डोम निर्माण की घोषणा की।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बदल रही जिंदगी

## मदनपुर की मंजू थोरिया हर महीने कर रही हजारों की बचत

**रायगढ़, 25 सितम्बर।** खरसिया विकासखंड के मदनपुर गांव की मंजू थोरिया कभी हर महीने 2,500 से 3,000 रुपये तक का भारी-भरकम बिजली बिल चुकाने को मजबूर थीं। यह खर्च उनके परिवार के घरेलू बजट पर गहरा असर डालता था। लेकिन प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी ने नई दिशा पकड़ ली है। अब मंजू थोरिया को न केवल बिजली बिल भरने से मुक्ति मिली है, बल्कि पिछले छह महीनों से उनका बिजली बिल ऋणात्मक आ रहा है। यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि उनके घर की छत पर लगाए गए सोलर पैनलों से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली सीधे ग्रिड में जुड़ रही है।



इस योजना के तहत मंजू को रूफटॉप सोलर लगाने के लिए मिलने वाली सब्सिडी भी मात्र सात दिनों के भीतर ही मिल गई। इससे शुरुआती लागत का बोझ काफी कम हो गया और परिवार को आर्थिक राहत मिली। मंजू के पति श्री रश्मिरंजन बताते हैं कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने हमें असली राहत दी है। अब हमें बिजली बिल की चिंता नहीं रहती बल्कि बचत भी हो रही है और घर की आमदनी पर सकारात्मक असर पड़ रहा है। यह योजना केवल उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत ही नहीं दे रही, बल्कि देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ी पहल साबित हो रही है।

### योजना की विशेषताएं

सरकार सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए उपभोक्ताओं को भारी सब्सिडी उपलब्ध करा रही है। 1 किलोवॉट क्षमता पर 45 हजार रुपए, 2 किलोवॉट क्षमता पर 90 हजार रुपए और 3 किलोवॉट क्षमता पर 01 लाख 8 हजार की सब्सिडी दे रही है। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को बैंक ऋण की सुविधा भी दी जा रही है। इस योजना के तहत आवेदन के लिए भारत की नागरिकता, छत पर सौर पैनल लगाने के लिए पर्याप्त जगह और वैध बिजली कनेक्शन होना चाहिए। आवेदन pmsuryaghar.gov.in पोर्टल पर, पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप से, या सीएसपीडीसीएल की वेबसाइट और मोर बिजली ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर भी कॉल किया जा सकता है।

# सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में तेजी लाएं:जिला पंचायत



**रायगढ़, 25 सितम्बर।** जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जितेंद्र यादव ने सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहन, वित्तीय समावेशन और बैंकिंग सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में गैर-कृषि क्षेत्र में नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना को बढ़ावा देने अधिक से अधिक ऋण प्रकरण स्वीकृत किए जाएं। यह योजना पारंपरिक कारीगरों एवं बेरोजगार युवाओं को ऋण-आधारित सब्सिडी उपलब्ध कराकर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने में सहायक है।

# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 308 ग्रामों में आदि सेवा पर्व का आयोजन



**महासमुंद 25 सितम्बर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित विशेष आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के धरती आबा योजना अंतर्गत चयनित 308 ग्रामों में आदि सेवा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सभी 308 ग्रामों में आदि सेवा केंद्रों पर बुधवार को राजस्व विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र सहित नामांतरण, बंटवारा आदि राजस्व संबंधी आवेदनों को प्राप्त किया गया। इन प्रकरणों का समाधान नियमानुसार किया जाएगा।

अभियान का उद्देश्य व्यक्ति मूलक, परिवार मूलक एवं सामुदायिक विकास के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित एवं संवर्धित करना है। इस अभियान के अंतर्गत इन ग्रामों के विकास हेतु ग्राम स्तर पर ही आदि सहयोगी एवं साथियों की टीम जो स्वयं अपने ग्राम एवं समुदाय के विकास हेतु अपनी सक्रिय भागीदारी देते हुए कार्य योजना बनाने का काम करेंगे। इसी अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व का आयोजन भी इन ग्रामों में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा आदि सेवा केंद्रों पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**रायगढ़, 25 सितम्बर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत मिलकर चलें, मिलकर बदलें' थीम पर जिला पंचायत कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, श्रीमती लक्ष्मी पटेल एवं जिला महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती चैताली राय उपस्थित रहीं।



कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य सशक्तिकरण हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि शिविर में महिला स्वास्थ्य पर विशेष जोर देते हुए मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, टीकाकरण, जीवनशैली गैर संचारी रोग एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच कर एनीमिया की पहचान की गई तथा आवश्यकतानुसार आयरन और विटामिन सप्लीमेंट्स वितरित किए गए एवं संतुलित आहार अपनाने हेतु परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजन को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस दौरान शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों का भी पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल, एनीमिया जैसे रोगों की स्क्रीनिंग की गई और आवश्यक दवाएं व परामर्श प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सोनाली मेश्राम द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप पटेल, डॉ. ऋतंभरा पटेल, सुपरवाइजर श्यामली बैनर्जी, स्टाफ नर्स रजनी डनसेना, फार्मासिस्ट श्री महेन्द्र कुमार, लैब टेक्नीशियन श्री विकास पटेल व आकाश पटेल ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# सीएम की दूरदर्शी पहल से शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार हो रहा

**रायपुर, 25 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच और राज्य सरकार की हर शाला में शिक्षक, हर बच्चे को शिक्षा नीति के तहत शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार हो रहा है। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लागू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया सकारात्मक परिणाम दे रही है। इसका उदाहरण बलरामपुर जिले के प्राथमिक शाला यादवपारा में देखने को मिलता है, जहाँ अब बच्चों को विषयवार पढ़ाई, खेल-आधारित गतिविधियों और व्यक्तिगत ध्यान का लाभ मिल रहा है। वर्ष 2022 से प्राथमिक शाला यादवपारा एकल शिक्षकीय विद्यालय के रूप में संचालित हो रहा था। कक्षा 1 से 5वीं तक की सभी कक्षाओं को एक ही शिक्षक संभाल रहे थे, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। अभिभावकों की चिंताओं को देखते हुए राज्य सरकार ने युक्तियुक्तकरण नीति के तहत इस विद्यालय में 2025 में सहायक शिक्षिका की पदस्थापना की। सहायक शिक्षिका श्रीमती आनंदी पल्हे बताती हैं कि अब बच्चों को विषयवार पढ़ाई, गृहकार्य और समूह आधारित गतिविधियों के जरिए शिक्षा दी जा रही है। कहानियों, खेल, चित्रों और पहेलियों के माध्यम से बच्चों की रुचि बढ़ रही है। पहले जहाँ एक ही शिक्षक पर पूरा भार था, वहीं अब बच्चों को समझने योग्य और उच्च गुणवत्ता की पढ़ाई मिल रही है।




स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि पहले बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी, छोटे बच्चों को कुछ समझ नहीं आता था और बड़े बच्चे भी पीछे रह जाते थे। लेकिन अब बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा है, वे नियमित विद्यालय आने लगे हैं और पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि आनंद मानने लगे हैं। राज्य सरकार की इस पहल से प्रदेश भर के विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना हुई है। बच्चों को अब व्यक्तिगत ध्यान, गृहकार्य की समीक्षा और खेल-खेल में सीखने का अवसर मिल रहा है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है और बच्चों का समग्र विकास संभव हो रहा है।

# महतारी वंदन की राशि की वसूली बिजली बिल से कर रही सरकार : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद 25 सितम्बर ।**पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना की छूट सीमा घटाकर एक तरह से इस जनहित के महत्वपूर्ण योजना को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इससे महासमुंद जिला सहित पूरे प्रदेश के ऐसे लाखों हितग्राही जो पूर्ववर्ती भूपेश शासनकाल के समय बने इस महत्वपूर्ण योजना से लाभान्वित हो रहे थे, वे आज भाजपा की साय सरकार को कोषते हुए कह रहे हैं कि यह सरकार महतारी वंदन की राशि की वसूली बिजली बिल के माध्यम से कर रही है।चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की साय सरकार अपनी जिम्मेदारियों से आंखें मूंद रही है। पहले ही महंगाई से जूझ रहे लोगों पर अब बिजली के भारी-भरकम बिलों का बोझ पड़ रहा है। बिजली बिल हाफ योजना की छूट सीमा घटाने एक तरह से यह योजना के बंद होने के बाद उपभोक्ताओं के बिलों में अचानक बढ़ोतरी हुई है। कई उपभोक्ताओं के बिल 3 से 4 गुना तक बढ़ गए हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। आम जनता अब महंगाई के साथ-साथ महंगे बिजली बिलों की मार भी झेलने को मजबूर है। बिजली बिल के कारण आम जनता की आर्थिक स्थिति पूरी तरह से बिगड़ती जा रही है। छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली वाला राज्य है, जहां जल, जंगल और जमीन जैसे संसाधनों की भरमार है। यहां कोयले से बड़े पैमाने पर बिजली उत्पादन होता है, लेकिन उसका लाभ केवल उद्योगपतियों तक ही सीमित है। प्रदेश के मूल निवासियों को अगर बिजली मिल रही है तो भी भारी दरों पर, जबकि उन्हें न्यूनतम दर पर बिजली उपलब्ध कराई जानी चाहिए।



### खूबसूरत पर्यटन स्थल दनगरी घाट तक पहुंच होगी आसान

**जशपुरनगर 25 सितंबर।** घने जंगलों, कल-कल बहते झरनें, पहाड़ी नदियां, ऊँचे पहाड़ों और पठारों से घिरा जशपुर प्राकृतिक खूबसूरती का अद्वितीय खजाना है। पर्यटकों के लिए सहज आकर्षित करने वाले इन खूबसूरत पर्यटन स्थलों को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर विकसित किया जा रहा है। इसका मकसद जशपुर की इन पर्यटन स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत पहचान देने के साथ ही रोजगार के नए अवसर निर्मित करना है।

मुख्यमंत्री की पहल पर हाल ही में बगीचा विकासखंड स्थित दनगरी घाट तक सुगम पहुंच दिलाने के लिए ग्राम पोड़ीखुर्द से ग्राम सुलेशा के बीच दनगरी घाट तक 13.60 किमी सड़क निर्माण के लिए 18.37 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई हैं। निर्माण हेतु आगे की प्रक्रिया जारी है। लोगों की यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरा होने पर उनमें खुशी की लहर है। उन्होंने बताया कि इस पर्यटन क्षेत्र का विकास हो जाने से आसपास के ग्रामों को लाभ मिलेगा।

# खेल-खेल में व सीखने की रोचक गतिविधियों से पढ़ाई हुई सहज

**रायपुर, 25 सितम्बर।** शिक्षा वह आधार है जिस पर समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव रखी जाती है। राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार अनेक प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में युक्तियुक्तकरण ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आया है। जिसका जीवंत उदाहरण प्राथमिक शाला यादवापारा में देखने को मिलता है जहा बच्चों को बेहतर शिक्षा, विषयवार पढ़ाई और व्यक्तिगत ध्यान मिल रहा है। राज्य सरकार ने हर शाला में शिक्षक, हर बच्चे को शिक्षा की नीति के साथ युक्तियुक्तकरण की शुरुआत की। इसी पहल के तहत वर्ष 2025 में यादवपारा विद्यालय में एक सहायक शिक्षिका की पदस्थापना की गई।



विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत आने वाला प्राथमिक शाला यादवपारा वर्ष 2022 से प्राथमिक शाला यादवपारा एकल शिक्षकीय संस्था के रूप में संचालित थी। विद्यालय में 1 से 5वीं तक की कक्षाओं को केवल एक शिक्षक ही संभाल रहे थे। इससे बच्चों को विषयवार और स्तर अनुसार पढ़ाई कराने में कठिनाई आती थी। शिक्षण की यह स्थिति न तो बच्चों के लिए अनुकूल थी और न ही शिक्षक के लिए। स्थानीय अभिभावकों ने भी चिंता व्यक्त थी कि बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। बच्चे अब खेलकूद के साथ-साथ कहानियों, पहेलियों और चित्रों के जरिए नई बातें सीख रहे हैं।सहायक शिक्षिका श्रीमती आनंदी पल्हे बताती है कि वे पहले से अब शिक्षा स्तर में सुधार हो रहा है। अब बच्चों को विषयवार पढ़ाई, नियमित गृहकार्य और समूह आधारित गतिविधियों के जरिए शिक्षा दी जा रही है। बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाया जा रहा है ताकि शिक्षा के प्रति रुचि बढ़े। उनका कहना है ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के सीखने की क्षमता बहुत तेज़ होती है, बस उन्हें सही दिशा और नियमित अभ्यास की ज़रूरत होती है। वे कहती हैं कि मेरा लक्ष्य है कि हर बच्चा अपनी कक्षा के अनुरूप स्तर हासिल करे और पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि आनंद समझे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र ने शीथ ब्लाइट रोग से किसानों को सतर्क रहने की दी सलाह

**रायगढ़, 25 सितम्बर।** जिले के कई ग्रामों में धान की फसल पर शीथ ब्लाइट रोग का प्रकोप सामने आया है। किसानों के स्थानीय बोलचाल में इसे चरपा बीमारी के नाम से जाना जाता है। यह एक तरह का फफूंद जनित रोग है, जो कि राइजोक्टोनिया सोलानी नामक फफूंद से होता है।

कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस राजपूत एवं डॉ.के.एल.पटेल के निर्देशन में वरिष्ठ अनुसंधान सहायक एवं पौध रोग विशेषज्ञ श्री मनोज कुमार साहू ने शीथ ब्लाइट रोग के संबंध में जानकारी देते हुए किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र या कृषि विभाग के सतत मार्गदर्शन से उचित समय पर सही प्रबंधन अपनाकर धान की फसल को शीथ ब्लाइट रोग से होने वाले भारी नुकसान से बचाया जा सकता है।



यह रोग धान में कंसे निकलने से गभोट की अवस्था तक मुख्य रूप से देखा जाता है। शीथ ब्लाइट, कवक जनित रोगजनक है, जो कि दुनिया भर में धान की फसलों को प्रभावित करने वाली एक प्रमुख रोग है, जिससे उपज में महत्वपूर्ण नुकसान होता है और अनाज की गुणवत्ता कम हो जाता है। यह रोग मुख्य रूप से पत्ती के आवरण और फलकों को निशाना बनाता है, जिससे पौधे की प्रकाश संश्लेषण और स्वस्थ अनाज पैदा करने की क्षमता बाधित होती है। रोग के प्रारंभ में संक्रमित पौधे के आवरण पर पानी के सतह के ठीक ऊपर अंडाकार या लम्बाकार धब्बे बनते हैं तथा बाद में ये धब्बे भूरे किनारों वाले और बीच से धूसर हो जाते हैं और ये धब्बे आपस में मिलकर बड़े घाव का रूप ले लेते हैं। संक्रमित पौधों के शीथ के धब्बे पर कॉटन जैसे फफूंद भी दिखाई देता है जहां स्क्लेरोशिया छोटे-छोटे दाने भी बनाता है जो कवकनाशी दवाओं के प्रति प्रतिरोध प्रदान करता है, जिससे इसका नियंत्रित करना अधिक कठिन हो जाता है। रोग बढने पर पत्तियाँ समय से पहले सूख जाती हैं और दानों के भराव पर सीधा असर पड़ता है। रोग की तीव्र अवस्था में 15-20 दिनों के भीतर पूरी फसल प्रभावित हो सकती है। यदि बीमारी को जल्दी पकड़ लिया जाए और प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जाए, तो उपज हानि को कम किया जा सकता है, संभवत÷ 5 से 10 प्रतिशत तक। रोग की मध्यम प्रगति के साथ, उपज हानि 20-30 प्रतिशत तक हो सकता है। गंभीर मामलों में जहां रोग अनियंत्रित रूप से फैलता है, उपज का नुकसान विनाशकारी हो सकता है। जो 50 प्रतिशत या उससे भी अधिक तक पहुंच सकता है।कृषि विज्ञान केन्द्र ने किसानों को सलाह दी है कि शीथ ब्लाइट रोग की पहचान होते ही तुरंत प्रबंधन करें।

समाचार संक्षेप

### जिला अस्पताल में राहत कैंप का कमिश्नर एवं कलेक्टर ने लिया जायजा



**महासमुंद 25 सितम्बर ।** महानदी तटस्थ ग्राम आछेल-समोदा में आज सुबह 10 बजे राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल एवं नगर सेना की संयुक्त टीम द्वारा बाढ़ आपदा से निपटने के लिए व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की वैज्ञानिक तैयारी को परखना और विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना था। इसके पश्चात द्वितीय चरण में जिला अस्पताल में राहत शिविर बनाया गया था, जहां आपातकालीन मेडिकल सेवा का प्रदर्शन किया गया। यहां आपातकालीन सेवाओं में तत्काल उपचार और मेडिकल सुविधा का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर श्री महादेव कांवरे एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने राहत कैंप और मेडिकल सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार मौजूद थे।अछोला में मॉक ड्रिल कमांडेंट मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू, एएसपी प्रतिभा पांडेय, एसडीएम हरिशंकर पैकरा, स्वास्थ्य, पशुपालन, पुलिस, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, खाद्य, समाज कल्याण, विद्युत, आरटीओ, ग्रामीण, विभागों के अधिकारी-कर्मचारी की मौजूदगी में मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।आज सुबह 10 बजे वैज्ञानिक प्रदर्शन में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के दल ने नाव, मोटरबोट एवं रस्सी की मदद से लोगों को सुरक्षित निकालने की तकनीकें दिखाई। बचाव अभ्यास के दौरान तेज धारा में फंसे व्यक्तियों को रेस्क्यू जैकेट, ट्यूब एवं रस्सी फेंककर बाहर निकालने का प्रदर्शन किया गया।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत धरती आबा चिन्हित ग्राम दर्रीपाली में स्वामित्व पट्टा वितरण

**महासमुंद 25 सितंबर ।** सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत महासमुंद विकासखंड अंतर्गत धरती आबा चिन्हित ग्राम दर्रीपाली में मंगलवार को स्वामित्व पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को उनके मकान और भूमि पर स्वामित्व प्रमाणित करने वाले पट्टे वितरित किए गए। इससे ग्रामीण परिवारों को अपने मकान, आवासीय भूमि पर वैधानिक अधिकार प्राप्त हुआ, जिससे वे भविष्य में बैंक से ऋण, सरकारी योजनाओं का लाभ एवं अन्य कानूनी अधिकार प्राप्त कर सकेंगे।कार्यक्रम में उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रानमंत्री स्वामित्व योजना एवं राज्य शासन की मंशा के अनुरूप पात्र ग्रामीणों को स्वामित्व प्रमाणपत्र दिए जा रहे हैं। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भूमि संबंधी विवादों के समाधान, नामांतरण, सीमांकन एवं अन्य राजस्व सेवाओं की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई।इसी क्रम में सेवा पखवाड़ा सेवा केंद्र जगदीशपुर में राजस्व विभाग द्वारा जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने केंद्र पहुंचकर अपनी आवश्यक सेवाओं के लिए आवेदन दिए। अधिकारियों ने बताया कि शिविर में प्राप्त अधिकांश प्रकरणों का मौके पर ही निपटारा किया गया और शेष आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाना, आमजन को तत्काल लाभ दिलाना और प्रशासन को संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाना है।

### जिले में 1315.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 25 सितम्बर।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 24 सितम्बर तक 1315.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 30.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1572.1 मिली मीटर, पुसौर में 1487.7, खरसिया में 1194.7, घरघोड़ा में 1284.6, तमनार में 1065.5, लैलूंगा में 1113.9, मुकडेगा में 1514.3, धरमजयगढ़ में 1027.2, छाल में 1222.7 एवं कापू में 1668.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन के तहत 9 अक्टूबर से ऑनलाईन आवेदन

**रायपुर, 25 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में चैम्प्स प्रणाली अंतर्गत क्रियान्वित कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन के तहत अनुदान पर कृषकों को ट्रैक्टर प्रदाय करने हेतु ऑनलाईन आवेदन 9 अक्टूबर से प्रारंभ किया जा रहा है।

**एक नजर**

## एशिया कप : टीम इंडिया की फाइनल में किससे होगी टक्कर, आज होगा फैसला



**दुबई, 25 सितंबर।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम से एशिया कप 2025 में जिस प्रदर्शन की उम्मीद सभी फैंस को थी वैसा ही अब तक मैदान पर देखने को मिला है। टीम इंडिया ने ग्रुप स्टेज में जहां अपने सभी मैचों में आसानी से जीत हासिल की थी, तो कुछ ऐसा ही सुपर-4 में अब तक देखने को मिला है। भारतीय टीम ने पहले जहां पाकिस्तान को मात दी तो वहीं 24 सितंबर को हुए बांग्लादेश के खिलाफ हुए मुकाबले को भी उन्होंने 41 रनों से जीत हासिल करने के साथ सुपर-4 में अभी एक मुकाबला अपना शेष रहते हुए फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली है। वहीं टीम इंडिया का खिताबी मैच में किस टीम से सामना होगा इसका फैसला 25 सितंबर को हो जाएगा।

एशिया कप 2025 में भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफमिली जीत के बाद श्रीलंका के लिए ये टूर्नामेंट सुपर-4 स्टेज से ही खत्म हो गया। प्वाइंट्स टेबल में सभी टीमों की स्थिति को देखा जाए तो उसमें टीम इंडिया सुपर-4 में अपने शुरुआती दोनों मुकाबले जीतने के बाद 4 अंकों के साथ 1.357 नेट रनरेट पहले नंबर पर काबिज है। वहीं दूसरे नंबर पर 2 मैचों में एक जीत और एक हार के साथ पाकिस्तान की टीम है, जिनका नेट रनरेट 0.226 का है।

# बीसीसीआई ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों की आईसीसी में शिकायत की

### साहिबजादा का गन शॉट सेलिब्रेशन, रऊफ ने फाइटर प्लेन गिराने का किया था इशारा

**नई दिल्ली, 25 सितंबर।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को पाकिस्तानी क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) में औपचारिक शिकायत दर्ज की है।

दरअसल, 21 सितंबर को दुबई में खेले गए एशिया कप सुपर-4 मैच के दौरान दोनों ने भड़काऊ इशारे किए थे। रऊफ ने आसमान से विमान गिराने का इशारा, तो साहिबजादा ने फिफ्टी लगाने पर गन सेलिब्रेशन किया था। मैच में भारतीय फैंस विराट कोहली के नारे लगाकर रऊफको चिढ़ा रहे थे। ऐसा इसलिए, क्योंकि कोहली ने 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में मेलबर्न में खेले मैच में रऊफ की गेंदों पर लगातार दो सिक्स लगाए थे।

इस पर रऊफ भड़क गए और उन्होंने आसमान में उड़ते विमानों को गिराने का इशारा किया। पाकिस्तान दावा करता है कि ऑपरेशन सिंदूर में




पाकिस्तानी सेना ने 5 भारतीय फाइटर प्लेन गिराए थे। हालांकि, उसका यह दावा आधारहीन माना जाता है। रऊफ का यह इशारा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। भारतीय फैंस ने उनकी इस हरकत की जमकर आलोचना की और उन्हें ट्रोल किया। रऊफने अपनी गेंदबाजी के दौरान भारतीय ओपनर्स शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा को अपशब्द भी कहे। मैच के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा कि हमने इसका जवाब बल्ले से दिया।

साहिबजादा फरहान ने इसी मैच में फिफ्टी लगाने के बाद अपने बैट को मशीनगन की तरह इस्तेमाल करते हुए गोली चलाने का इशारा किया। जिसकी जमकर आलोचना हुई। मैच के बाद साहिबजादा ने कहा, 'मैं आमतौर पर सेलिब्रेशन नहीं करता, लेकिन उस दिन ऐसा करने का मन हुआ। लोग इसे कैसे लेंगे, इसकी मुझे परवाह नहीं है।'

**PCB का पलटवार: सूर्यकुमार पर राजनीतिक बयान** का आरोप PCB ने भी भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के खिलाफICC में शिकायत दर्ज की है। यह शिकायत 14 सितंबर को दोनों टीमों के बीच खेले गए पहले मैच को लेकर है। PCB का कहना है कि सूर्यकुमार इस मैच में भारतीय टीम की जीत को पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को समर्पित किया था।

PCB का दावा है कि सूर्यकुमार का यह बयान राजनीतिक था। हालांकि, तकनीकी रूप से यह देखना होगा कि PCB ने यह शिकायत सात दिन की समय सीमा में की है या नहीं, जो नियमों के तहत जरूरी है।

**ICC करेगा सुनवाई** ICC अब इस मामले की सुनवाई करेगा। अगर रऊफऔर साहिबजादा लिखित में इन आरोपों से इनकार करते हैं, तो उन्हें ICC के एलीट पैनल रेफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है। अगर वे अपने इशारों का बचाव नहीं कर पाए, तो उन्हें ICC आचार संहिता के तहत सजा का सामना करना पड़ सकता है।

मोहसिन नकवी का विवादित पोस्ट पाकिस्तान के गृह मंत्री और एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के एक वीडियो पोस्ट ने और हवा दे दी। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक विमान के क्रैश होने का इशारा करते दिख रहे हैं, जो रऊफके मैदान पर किए गए इशारे से मिलता-जुलता है।

यह वीडियो संभवतः रोनाल्डो की एक फ्री-किक को दर्शाता है, लेकिन इसे भारत के खिलाफ भड़काऊ माना जा रहा है। नकवी के इस कदम पर BCCI और ICC ने नोटिस लिया है। यह देखना बाकी है कि नकवी के खिलाफकोई कार्रवाई होगी या नहीं।

## श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ इंडिया-ए की वनडे कप्तानी करेंगे



**नई दिल्ली, 25 सितंबर।** टॉप ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफहोने वाली वनडे सीरीज में इंडिया-ए की कप्तानी करेंगे। इंडिया-ए को ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ 30 सितंबर से कानपुर में वनडे सीरीज खेलनी है। इसके लिए BCCI ने गुरुवार को टीम का ऐलान किया। वहीं, विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों का नाम टीम में नहीं है। हाल ही में रिपोर्ट आई थीं कि टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी चाहती है कि विराट और रोहित दोनों ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले इंडिया-ए के लिए खेलें लेकिन अब दोनों का ही नाम टीम में नहीं है। स्क्वॉड में अभिषेक शर्मा का भी नाम अभिषेक शर्मा भी स्क्वॉड में चुने गए हैं। अभिषेक शर्मा दूसरे और तीसरे वनडे में खेलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक शर्मा को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफवनडे सीरीज के लिए भी टीम इंडिया में जगह मिल सकती है।

पहले वनडे के लिए इंडिया-ए स्क्वॉड श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेड्गे, विपराज निगम, निशांत सिंधु, गुरजपनीत सिंह, युद्धवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल, प्रियांश आर्या, सिमरजीत सिंह।

दूसरे और तीसरे वनडे मैचों के लिए इंडिया-ए टीम श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेज, विपराज निगम, निशांत सिंधु, गुरजपनीत सिंह, युद्धवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह। ईरानी कप के लिए भी टीम का ऐलान सीनियर मेंस सेलेक्शन कमेटी ने ईरानी कप के लिए रेस्ट ऑफइंडिया टीम का भी ऐलान किया है। ईरानी कप 1 अक्टूबर से नागपुर में रणजी ट्रॉफी 2024-25 के चैंपियन विदर्भ और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाएगा।

रेस्ट ऑफ इंडिया टीम रजत पाटीदार (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड (उपकप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, आर्यन जुयाल (विकेट कीपर), यश ढुल, शेख रशिद, ईशान किशन (विकेट कीपर), तनुश कोटियन, मानव सुथार, गुरनूर बरार, खलील अहमद, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, सारांश जैन।

# एशिया कप : पाकिस्तान के लिए आसान नहीं होगी बांग्लादेश की चुनौती




**दुबई, 25 सितंबर।** एशिया कप 2025 में भारतीय टीम ने जहां सुपर-4 में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक मुकाबले शेष रहने के साथ फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है, वहीं दूसरी टीम का फैसला 25 सितंबर को पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाले मुकाबले के परिणाम से होगा। पाकिस्तान को अभी तक इस टूर्नामेंट में सिर्फ भारत के खिलाफ हुए मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है, वहीं बांग्लादेश टीम को लेकर बात की जाए तो उन्होंने सुपर-4 स्टेज में जहां श्रीलंका की टीम को मात दी तो वहीं भारत के खिलाफहुए मैच में उन्हें 41 रनों से हार का सामना करना पड़ा। अब पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाला मुकाबला एक तरह से वर्चुअल सेमीफाइनल की तरह हो गया है। टी20 फॉर्मेट में पाकिस्तान टीम को अक्सर दबाव भरे मैचों में बिखरते हुए देखा गया है, वहीं दूसरी तरफबांग्लादेश टीम को लेकर बात की जाए तो उनका पिछले कुछ सालों में इस फॉर्मेट में काफी बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला है। बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले अपने पिछले तीन टी20 इंटरनेशनल मुकाबलों में से दो को अपने नाम किया है। ऐसे में पाकिस्तान की टीम के लिए ये मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। अभी तक एशिया कप 2025 में पाकिस्तान की तरफसे एशिया कप में कोई खास प्रदर्शन देखने को नहीं मिला है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच टी20 इंटरनेशनल में हेड टू हेड रिकॉर्ड देखा जाए तो उसमें दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 25 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 20 मैचों को पाकिस्तानी टीम अपने नाम करने में कामयाब रही है, जबकि बांग्लादेश सिर्फ 5 मुकाबलों को जीतने में कामयाब हो पाई है।

# करुण नायर का कटा पत्ता, बदला गया उप-कप्तान

### वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान

**नई दिल्ली, 25 सितंबर।** वेस्टइंडीज के खिलाफअगले महीने से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। इस सीरीज का पहला मैच 2 अक्तूबर से खेला जाना है। वहीं, दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर को होना है। इससे पहले भारतीय टेस्ट टीम का एलान बीसीसीआई ने कर दिया है, जिसमें कई बड़े-बड़े फेरबदल देखने को मिले।

भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान शुभमन गिल को बनाया गया है, जबकि रवींद्र जडेजा उनके डिप्टी हैं। वहीं, सीरीज के लिए अक्षर पटेल की वापसी हुई है, जो इंग्लैंड दौरे पर टीम में शामिल नहीं थे। वहीं, करुण नायर का पत्ता कट गया है। अगर बात करें श्रेयस अय्यर की तो वह इस सीरीज में सेलेक्टर नहीं किए गए, क्योंकि उन्होंने बीसीसीआई से 6 महीने का रेड बॉल क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया है।



दरअसल, चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने वेस्टइंडीज के खिलाफआगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम से करुण नायर और शार्दुल ठाकुर को ड्रॉप किया गया है, जो इंग्लैंड दौरे पर टीम में शामिल थे। अभिमन्यू ईश्वरन को भी टीम में शामिल नहीं किया गया।

अजीत अगरकर ने बताया कि ऑलराउंडर अक्षर पटेल और टॉप ऑर्डर बैटर देवदत्त पडिक्कल की वासी हुई है। अक्षर ने आखिरी टेस्ट भारत के लिए 2024 फरवरी में खेला था, जबकि पडिक्कल ने 2024 नवंबर के महीने में टीम के लिए आखिरी टेस्ट मैच खेला था।

देवदत्त पडिक्कल को एन जगदीसन के साथ भारत की टीम के लिए चुना गया है, जो संभावित बैकअप विकल्प विकेटकीपर के रूप में आते हैं। ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग भूमिका के लिए चुना गया है, क्योंकि ऋषभ पंत इंजरी की वजह से इस सीरीज के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

**भारतीय टेस्ट टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), रवींद्र जड़ेजा (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, नारायण जगदीशन।

**व्यापार**


# 'मेक इन इंडिया' से भारत बन रहा वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, 25 सितंबर।** 'मेक इन इंडिया' इनिशिएटिव के 11 वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग पावर हाउस में बदल रहा है। देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितंबर 2014 को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को लॉन्च किया था।

देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितंबर 2014 को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को लॉन्च किया था। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इन वर्षों में रिकॉर्ड एफडीआई इनफ्लो, व्यापार करने में आसानी में व्यापक सुधार, वैश्विक स्तर पर दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निर्माता के रूप में हमारी प्रगति, निर्यात में बढ़ोतरी और रक्षा उत्पादन का विस्तार, ये सभी दर्शाते हैं कि हम कितना आगे आ गए हैं।

गोयल ने आगे कहा कि उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार पैदा किए हैं, जबकि हमारे युवाओं और महिलाओं के उत्साह और ऊर्जा से प्रेरित हमारे जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इनोवेशन केंद्र बना दिया है।

उन्होंने आगे कहा, यह यात्रा हमारे उद्योग, एमएसएमई, स्टार्टअप्स, उद्यमियों और स्वदेशी



की भावना को अपने दिल में रखने वाले प्रत्येक नागरिक के सामूहिक प्रयास से संभव हुई है। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' की 11 साल की कहानी पुनरुत्थान की कहानी है और आने वाले दशक आत्मनिर्भर और विकसित भारत के माध्यम से वैश्विक नेतृत्व की कहानी लिखेंगे।


गोयल के अनुसार, दुनिया भारत की डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग क्षमता भी देख रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, देश ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जो 'मेक इन इंडिया' पहल की सफलता को दर्शाती हैं। पिछले सप्ताह, वाणिज्य मंत्री ने 'मेक इन इंडिया' योजना को और बढ़ावा देने के लिए कई परिवर्तनकारी पहलों का अनावरण किया। यह पहल इस प्रमुख कार्यक्रम के एक दशक लंबे उत्सव के अवसर पर आयोजित की गई थी जिसने भारत को आत्मनिर्भर बनाने की यात्रा में अब तक महत्वपूर्ण और उत्पादक भूमिका निभाई है।

गोयल ने उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा विकसित प्रमुख पहलों का अनावरण किया, जिनका उद्देश्य परिचालन दक्षता को बढ़ाना और देश में भविष्य के लिए तैयार, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। उन्होंने लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (एलडीबी) 2.0 का भी शुभारंभ किया, जो भारत को डिजिटल रूप से सशक्त, निवेश-तैयार और निर्यात-प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करेगा।

## सरकार बनाएगी न्यूक्लियर लाइबिलिटी फंड

### 1500 करोड़ से ज्यादा के परमाणु हादसों का मुआवजा होगा कवर

**नई दिल्ली, 25 सितंबर।** केंद्र सरकार 1,500 करोड़ रुपये (169 मिलियन डॉलर) से ज्यादा के परमाणु हादसे के मुआवजे के लिए न्यूक्लियर लाइबिलिटी फंड बनाने की तैयारी बना रही है। यह फंड प्लांट ऑपरेटरों की तय सीमा से ऊपर के मुआवजे को कवर करेगा। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इस कदम का मकसद ग्लोबल सप्लायर कंपनियों और प्राइवेट फर्मों की रिस्क-शेयरिंग से जुड़ी चिंताओं को दूर करना है। यह पहल परमाणु उद्योग में लंबे समय से अटके निजी और विदेशी निवेश को खोलने का रास्ता बना सकती है। नए परमाणु ऊर्जा विधेयक के अंतर्गत प्रस्तावित यह वैधानिक फंड मौजूदा एड-हॉक भुगतान प्रणाली की जगह लेगा और ऑपरेटर की तय सीमा से ऊपर सरकार की मुआवजा



देने की क्षमता को मजबूत करेगा।

भारत का लक्ष्य 2047 तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को 12 गुना बढ़ाने का है। इसके लिए मोदी सरकार नियमों में ढील दे रही है ताकि दशकों पुरानी सरकारी एकाधिकार व्यवस्था खत्म हो और निजी भागीदारी के साथ-साथ विदेशी टेक्नोलॉजी सप्लायर कंपनियों को आकर्षित किया जा सके। सूत्रों के अनुसार, टाटा पावर, अदाणी पावर और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़े कॉर्पोरेट समूह निवेश की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार नया कानून तैयार करने के अंतिम चरण में है और इसे संसद के शीतकालीन सत्र (दिसंबर) में पेश किया जाएगा। इस विधेयक का मकसद परमाणु ऊर्जा उत्पादन और यूरेनियम खनन जैसे क्षेत्रों में निजी कंपनियों को लाना है, जहां विदेशी कंपनियां न्यूक्लियर पावर प्लांट्स में माइनारिटी हिस्सेदारी ले सकेंगी।

नए कानून में सप्लायर्स पर असीमित जिम्मेदारी का प्रावधान हटाने की भी तैयारी है। इसके तहत फंड एक स्पष्ट कानूनी तंत्र देगा, जिससे ऑपरेटर की तय सीमा से ज्यादा मुआवजा दिया जा सकेगा। अभी भारत परमाणु हादसों से बीमा कवरेज के लिए 2015 में बनाए गए न्यूक्लियर इंश्योरेंस पूल पर निर्भर है, जो कानून का हिस्सा नहीं है।

## गिग इकोनॉमी को बूस्ट, फेस्टिव सीजन में नौकरियों में 25 फीसदी तक इजाफा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 25 सितंबर।** 2025 का फेस्टिव सीजन 2 लाख तक नए रोजगार के अवसर दे सकता है, जिनमें से 70 प्रतिशत गिग वर्क होने की उम्मीद है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एनएलबी सर्विसेज की रिपोर्ट बताती है कि भारत की फेस्टिव इकोनॉमी हमेशा से उपभोक्ता खर्च को बढ़ाने में अहम रही है और 2025 में सीजनल डिमांड किस तरह रोजगार मॉडल को आकार दे रहा है, इसमें एक संरचनात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। इस वर्ष की शुरुआत में शुरू हुआ फेस्टिव सीजन रिटेल, ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और कंज्यूमर सर्विसेज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 2 लाख तक नौकरियां पैदा कर सकता है। त्योहारी अवधि के दौरान भर्ती पिछले साल की तुलना में लगभग 20-25 प्रतिशत बढ़ सकती है।

सप्लाई चेन और लास्ट-माइल डिलीवरी इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश के कारण क्विक कॉमर्स और थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्र इस बढ़त को गति दे रहे हैं। नई नौकरियों में से 70 प्रतिशत गिग वर्क होने की उम्मीद है, जबकि 30 प्रतिशत स्थायी नौकरियां होंगी, जिससे पता चलता है कि कंपनियां फ्लेक्सिबिलिटी और स्केल को संतुलित करने के लिए एक ब्लेंडेड वर्कफोर्स मॉडल अपना रही हैं।

एनएलबी सर्विसेज के सीईओ सचिन अलुग ने कहा, 35 प्रतिशत से अधिक व्यवसाय अब अपनी दीर्घकालिक प्रतिभा रणनीति के एक घटक के रूप में फेस्टिव हायरिंग पर फिर से विचार कर रहे हैं। हम देख रहे हैं कि कंपनियां प्री-फेस्टिव स्किलिंग पहल में निवेश कर रही हैं, अपने वर्कफोर्स डायवर्सिटी के लक्ष्यों पर फिर से विचार कर रही हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि कई बड़े क्यू-कॉमर्स और ई-कॉमर्स प्लेयर्स फेस्टिव सीजन के बाद भी इस बढ़े हुए वर्कफोर्स का 26 प्रतिशत हिस्सा बनाए रखेंगे, जो एक संरचनात्मक बदलाव की ओर इशारा करता है। टियर 2 और टियर 3 शहरों में भी भर्ती में काफी बढ़ोतरी होगी, जो एक्टिव ग्रोथ सेंटर के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत कर सकते हैं। भुवनेश्वर, कोच्चि, इंदौर, सूरत और नागपुर जैसे शहरों में गिग वर्क में 30-40 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

## आईटी कंपनियां क्यों करती हैं बायबैक?

**नई दिल्ली, 25 सितंबर।** हाल ही में दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस ने एक बार फिर शेयर बायबैक का ऐलान किया है। कंपनी करीब 18,000 करोड़ के शेयर वापस खरीदने जा रही है। इसमें 100 मिलियन शेयरों को औसतन 1,800 प्रति शेयर की दर से खरीदा जाएगा। यह उनके मार्केट प्राइस से लगभग 19% ज्यादा है। इंफोसिस के बाद TCS और Wipro भी बायबैक प्लान ला सकती हैं। इस कदम का मकसद सिर्फ निवेशकों से शेयर वापस खरीदना ही नहीं है, बल्कि शेयर की कीमत को स्थिर रखना और निवेशकों का भरोसा बढ़ाना भी है। रिसर्च एनालिस्ट प्रितेश ठक्कर कहते हैं डिविडेंड निवेशकों को रेगुलर और स्टेबल इनकम देता है। यह निवेशकों को लंबे समय तक वित्तीय स्थिरता का भरोसा देता है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 20259161800009 /अ-2/2024-25
ग्राम-हारम, प.ह.नं.-20
तहसील-गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री रवि कुमार सुराना पिता श्री मदन लाल सुराना निवासी हारम, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9165529369 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-हारम, प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. गीदम तहसील-गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 357/9 रकबा 0.0400 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते हैं। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 06/10/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**गीदम**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/1728/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक-25/09/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पोषण लाल पिता श्री प्रेमलाल यादव वार्ड क्र. 12 बाजार पारा वार्ड तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री प्रेमलाल यादव पिता श्री जेठूराम यादव वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा निवासी का सहमती पत्र निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 300/14 को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक................को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा नेवरा**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/1726/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक-25/09/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गीता सोनकर पति श्री भगत राम सोनकर वार्ड क्रं. 02 सिमगा तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री नरोत्तम यदु पिता स्व. श्री परदेशी यदु वार्ड क्रं. 21 तिल्दा-नेवरा निवासी का सहमती पत्र निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्रं. 239/21 को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक................को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा नेवरा**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/1724/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक-25/09/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गैंदा बाई पति स्व. श्री विजय तिवारी पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रं. 16 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का स्व. श्री विजय कुमार तिवारी पति स्व. श्री सुदर्शन तिवारी वार्ड क्रं. 16 तिल्दा-नेवरा निवासी का सहमती पत्र निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्रं. 316/16 को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।


आज दिनांक................को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा नेवरा**

# पूरे प्रदेश में 2 दिन भारी बारिश की चेतावनी

## बंगाल में बने सिस्टम का असर, 16 जिलों में अलर्ट, गरबा मैदान सूने, भीड़ कम



**रायपुर, 25 सितम्बर।** पिछले 24 घंटे में पूरे प्रदेश में जोरदार बारिश हुई। रायपुर में करीब 45 मिमी पानी बरसा, जबकि सबसे ज्यादा 106.3 मिमी बारिश सारंगढ़-बिलाईगढ़ में हुई। यहां उफनते नाले को पार करने की कोशिश में कार बह गई, लेकिन तीनों सवार तैरकर जान बचाने में सफल रहे।

मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल के पास बने लो प्रेशर एरिया के कारण यह बारिश हो रही है, जिसका असर दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में दिखाई दे रहा है। यह बरसात का दौर अगले दो दिन तक जारी रह सकता है।

इसी बीच मौसम विभाग ने आज कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर जिलों के लिए बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि जीपीएम, मुंगेली, बिलासपुर, कबीरधाम, बेमेतरा, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बालोद, कोंडागांव, बस्तर, दंतेवाड़ा और सुकमा सहित 13 जिलों में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। येलो अलर्ट मौसम बिगड़ने की संभावना को देखते हुए जारी किया जाता है। ऑरेंज अलर्ट भारी बारिश, तूफान, बिजली गिरने की चेतावनी होती है।

### रायपुर, दुर्ग, बालोद समेत कई जिलों में होगी भारी बारिश, तेज अंधड़ चलने की भी चेतावनी

छत्तीसगढ़ में आज फिर मौसम विभाग ने भारी बारिश और तेज अंधड़ की चेतावनी जारी की है। बालोद जिले के लिए रेड अलर्ट घोषित किया गया है। वहीं 9 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव क्षेत्र बन रहा है, जिसका असर अगले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ पर दिख सकता है। मौसम विभाग ने रायपुर, गरियाबंद, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर, मोहला मानपुर 9 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में भारी से अति भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना है।



### बारिश से गरबा प्रभावित

वहीं बारिश का असर गरबा आयोजनों पर भी देखने को मिला। कई शहरों में गरबा मैदानों में पानी भरने या गीली जमीन के कारण आयोजन रद्द या स्थगित करने पड़े। कुछ स्थानों पर कार्यक्रम हुए भी तो वहां लोगों की संख्या कम रही। रायपुर के ओमाया गार्डन रिजॉर्ट में होने वाले गरबा कार्यक्रम की तारीख बदल दी गई है। पहले यह 25 से 28 सितंबर तक आयोजित होना था, लेकिन मौसम को देखते हुए इसे 27 से 29 सितंबर किया गया है। दुर्ग और भिलाई में भी बुधवार को हुई भारी बारिश के कारण कम जगहों पर ही गरबा आयोजन हो पाए। आयोजकों के अनुसार, आज मौसम साफरहने और गरबा स्थल पूरी तरह सूखने के बाद ही कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## एक नजर

### सरकारी शराब दुकान के कर्मचारियों पर भड़कीं स्वास्थ्य अधिकारी, अहाता सील



**रायपुर, 25 सितम्बर।** राजधानी रायपुर में नगर निगम गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग और जोन 10 टीम ने देवपुरी मेन रोड स्थित सरकारी शराब दुकान के पास संचालित होने वाले अहाते को सील किया है। नगर निगम को लगातार इन जगहों से शिकायतें मिल रही थीं। लोगों का कहना था कि शराब दुकान के आसपास गंदगी फैला रही हैं और वहां सफाई व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप के निर्देश पर गुरुवार को नगर निगम की स्वास्थ्य अफसर तृप्ति पाणिग्रही और जोन-10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान देवपुरी स्थित शराब दुकान और अहाते में भारी गंदगी मिली जिसके बाद अहाते को सील कर दिया गया है।

**शराब दुकान को जारी होगा नोटिस:** स्वास्थ्य अफसर तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि देवपुरी इलाके में संचालित होने वाली शासकीय शराब दुकान को भी नोटिस जारी किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि अहाता संचालक के द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लाटिक से पैक पानी पाउच और डिस्पोजल बेचा जा रहा था। सभी को जब्त किया गया है। इसके साथ ही आस-पास के दुकान संचालकों को सख्त चेतावनी दी है कि सार्वजनिक जगह पर गंदगी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।वही दोबारा इस तरह की गंदगी और शिकायत मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### 1106 पदोन्नत व्याख्याताओं के लिए ओपन काउंसिलिंग




**रायपुर, 25 सितम्बर।** लोक शिक्षण संचालनालय ने पिछले दिनों सभी संयुक्त संभाग कार्यालयों के मिली जानकारी के आधार पर व्याख्याता/ व्याख्याता एल.बी. टी संवर्ग के पदों पर पदोन्नति के लिए काउंसलिंग की डेट जारी की थी। ये काउंसलिंग 25 सितंबर गुरुवार से शुरू होने जा रही है। काउंसलिंग 28 सितंबर तक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर, रायपुर में चलेगी। इस प्रक्रिया में कुल 1106 पदोन्नत व्याख्याता/व्याख्याता एल.बी. शामिल होंगे। पहले दिन संस्कृत के कुल 197 और गणित के 157 शिक्षकों का काउंसलिंग होना प्रस्तावित है। 25 सितंबर 2025 पहली पाली (सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक) संस्कृत-100 शिक्षक गणित-100 शिक्षक दूसरी पाली (दोपहर 1:30 से शाम 5:00 बजे तक) संस्कृत-97 शिक्षक गणित-57 शिक्षक 26 सितंबर 2025 पहली पाली-राजनीति विज्ञान-97 इतिहास-51 अंग्रेजी-80 भौतिक शास्त्र-20 दूसरी पाली-जीवविज्ञान-103 भूगोल-42 वाणिज्य-46 रसायन शास्त्र-42 27 सितंबर 2025 पहली पाली-हिन्दी-100 हिन्दी- 182 दूसरी पाली-अर्थशास्त्र-114 28 सितंबर 2025। जो पिछली तीन काउंसलिंग में उपस्थित नहीं हो पाए वो शामिल होंगे।

■ पहले दिन हिंदी-गणित के 354 शिक्षक होंगे शामिल, जो छूटेंगे उन्हें 28 को बुलाया जाएगा

### रायपुर में फिल्म हेरा-फेरी स्टाइल में 5 करोड़ की ठगी

# 100 दिन में पैसा डबल का झांसा,लग्जरी सेमिनार,100 करोड़ रुपये की लाइव-ट्रेडिंग दिखाकर निवेश, अब फरार

**रायपुर, 25 सितम्बर।** रायपुर में फिल्म हेरा फेरी स्टाइल में 100 दिन में पैसा डबल कर दूंगा बोलकर युवक ने 12 लोगों से 5 करोड़ की ठगी की है। निवेशकों को झांसे में लेने के लिए कहा कि वह इंटरनेशनल कोर्स कर चुका है और कहीं नहीं भागेगा। मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी ठग का नाम अनिरुद्ध दलवी है, जो कर्नाटक के बेलगाम का रहने वाला है। आरोपी की कंपनी का नाम ए स्क्वायर ग्लोबल कंसल्टेंसी है। पैसे निवेश होने के बाद आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया। आरोपी महंगे होटलों में सेमिनार करता था। लोगों को अमीर बनने के लिए मोटिवेट करता था। निवेशकों ने टिकरापारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में एफआईआर दर्ज की है।

**100 करोड़ की लाइव ट्रेडिंग भी दिखाया:** इस दौरान आरोपी ने अनवर को एक डीमैट खाता दिखाया, जिसमें 100 करोड़ रुपए से अधिक इक्विटी थी और लाइव ट्रेडिंग चल रही थी। अनिरुद्ध ने अपनी पूरी योजना लिखित में बताई, फिर कहा कि आपकी जमा की गई राशि में 2% प्रतिदिन के हिसाब से ब्याज मिलेगा। इसके साथ ही 100 दिन बाद तक 200% हो जाएगा। उसे दोगुना पैसा मिलेगा। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि पैसा सुरक्षित रहेगा और वह कंपनी बंद कर कहीं नहीं भागेगा।

**रायपुर के एक कैफे में की मुलाकात:** कुछ दिनों बाद आरोपी ने अनवर से रायपुर के भाठागांव स्थित केरला कैफे में मुलाकात की। अनिरुद्ध की बातों पर भरोसा कर 5 अप्रैल को अनवर ने 5 लाख 40 हजार रुपए उसके कंपनी ए स्क्वायर ग्लोबल कंसलटेंसी के बैंक अकाउंट में डाल दिए। आरोपी ने पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए उसे 30 हजार रुपए बैंक खाते में वापस भेज दिया। इसके बाद अनवर ने अपने परिचित व्यास कश्यप निवासी जांजगीर से भी रुपए इन्वेस्ट करवा दिए। व्यास ने 2 लाख और 7 लाख 84 हजार रुपए के दो किस्त में करीब पौने 10 लाख रुपए कंपनी के खाते में जमा किया। इसके बाद अनवर के कई अन्य परिचित नीरज कुमार शर्मा निवासी रायपुर, चतुर देवांगन, विवेक श्रीवास, रविंद्र पटेल और कई अन्य लोगों से रुपए इन्वेस्ट किए। इनमें से कई व्यक्ति झारखंड और आंध्र प्रदेश के भी रहने वाले हैं।

**पैसे वापस मांगे गए, तो टालमटोल करने लगा ठग:** अप्रैल 2025 के बाद, जब पीड़ितों ने अनिरुद्ध से अपने पैसे वापस मांगे, तो वह उन्हें टालने लगा। उसने कंपनी के सॉफ्टवेयर अपडेट, वेबसाइट हैकिंग और ट्रेडिंग खाते में पैसे न होने जैसे कई बहाने बनाए। वह लोगों को पैसे वापस करने के लिए गुमराह करने लगा। कुछ दिनों बाद अचानक अपना फोन बंद कर दिया और भाग गया। इसके बाद, पीड़ितों ने पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई।



### ये है पूरा मामला

दरअसल, रायपुर के रहने वाले अनवर मोहम्मद ने बताया कि, 9 महीने पहले सोशल मीडिया और यूट्यूब के माध्यम से ए स्क्वायर ग्लोबल कंसल्टेंसी कंपनी के बारे में पता चला। कंपनी के सीईओ अनिरुद्ध दलवी ने 100 दिन में रकम डबल करने के बारे में जानकारी दी। अनवर ने आगे बताया कि, अनिरुद्ध दलवी से भिलाई स्थित अमित पार्क इंटरनेशनल होटल में सेमिनार के दौरान मुलाकात हुई। जहां अनिरुद्ध ने बताया कि, वह 17 साल पहले इंटरनेशनल मार्केट में टेक्निकल एनालिसिस का कोर्स किया है। वह अपनी टीम के साथ मिलकर वह फंड मैनेजमेंट का काम करता है। अब तक उसने 6000 करोड़ से अधिक रुपए का फंड मैनेज किया है। वह आईसीआईसीआई बैंक कर्नाटक में फंड मैनेजर के रूप में काम कर चुका है। आरोपी इतना शातिर था कि उसने लोगों को विश्वास दिलाने के लिए पैसे के बदले सिक्योरिटी भी देने की बात कही। आरोपी इतना शातिर था कि उसने लोगों को विश्वास दिलाने के लिए पैसे के बदले सिक्योरिटी भी देने की बात कही।

### सिक्योरिटी के लिए जमीन देने की बात

आरोपी इतना शातिर था कि, उसने लोगों को विश्वास दिलाने के लिए पैसे के बदले सिक्योरिटी भी देने की बात कही। उसने कहा कि, आपके इन्वेस्टमेंट की सेफ्टी के लिए रायपुर भिलाई भुवनेश्वर और अन्य स्थानों पर जमीन के एग्रीमेंट और चेक दिया जाएगा। रुपए नहीं मिलने पर यह सिक्योरिटी के तौर पर रहेगा।

### 12 लोगों ने करीब 5 करोड़ रुपए किए जमा

100 दिन में रुपए डबल करने के लालच में करीब दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने 5 करोड़ रुपए कंपनी में इन्वेस्ट कर दिए। लोगों ने जनवरी 2025 अप्रैल 2025 के बीच कैश और ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से रुपए दिए हैं। इस बीच लगातार आरोपी रायपुर, भिलाई, विशाखापट्टनम और संबलपुर में सेमिनार आयोजित करता रहता था, जिसमें वे लोगों को अमीर बनने के लिए मोटिवेट भी करता था।

### आरोपी की तलाश जारी जल्द होगी गिरफ्तारी

रायपुर पश्चिम के एएसपी दौलत राम पोर्ते ने बताया कि आरोपी ने लोगों से प्रतिदिन 2% ब्याज का वादा करके पैसे ऐंठे थे। पीड़ितों की शिकायत के बाद, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस मामले में आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## छात्रा को टीचर के अगरबत्ती से दागने के मामले में बाल संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान

**रायपुर, 25 सितम्बर।** राज्य बाल संरक्षण आयोग ने स्कूल में अध्ययनरत बच्ची को टीचर के अगरबत्ती से दागने वाले मामले में संज्ञान लिया है. आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने घटना की जानकारी मिलते ही राज्य बाल संरक्षण समिति (CWC) को तत्काल जांच के लिए निर्देशित करते हुए दो दिन में रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया है.

सुंदर नगर स्थित कृष्णा किड्स एकेडमी में घटित घटना को लेकर राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि राज्य बाल संरक्षण परिषद की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. अगर जरूरत होगी तो आयोग इसमें कार्रवाई भी करेगा. मामले में जिला शिक्षा अधिकारी को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है.

बता दें कि रायपुर के सुंदर नगर स्थित कृष्णा किड्स एकेडमी में एक महिला टीचर पर 6 साल की बच्ची को अगरबत्ती से जलाने का गंभीर आरोप लगा है. परिजनों की शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से आरोपी टीचर को नौकरी से निकाल दिया है. लेकिन परिजनों की मांग है कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए. वहीं इस मामले के शिकायत मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचे थे. अधिकारियों ने बच्ची से पूछताछ की तो उसने बताया कि टीचर ने चेहरे पर अगरबत्ती से जलाया. वहीं दूसरी बच्ची ने बताया कि उसे भी उसी टीचर ने मारा था. अधिकारियों का कहना है कि बच्ची की उम्र बहुत कम होने की वजह से वह ज्यादा जानकारी नहीं दे पाई. फिलहाल, जांच की जा रही है.

■ जांच के लिए सीडब्ल्यूसी को किया निर्देशित

### परिजनों ने लगाया आरोप

बच्ची के पिता ने बताया कि क्लास-2 में पढ़ने वाली उनकी 6 साल की बेटी के साथ 17-18 सितंबर को यह घटना हुई, जिसके बाद से वह बुरी तरह डरी हुई है. दूसरे पेरेंट्स ने भी आरोप लगाया कि उनकी बच्ची को उसी आरोपी टीचर ने थप्पड़ मारा था, जिससे चार-पांच दिनों तक उसके दांत में दर्द रहा. बच्ची डर के मारे स्कूल जाने से घबरा रही थी.

### स्कूल प्रबंधन का पक्ष

इस मामले में स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बच्ची के साथ मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई है. स्कूल परिसर में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और बाल विभाग की टीम ने फुटेज भी देखी है. फिलहाल, मामला जांच का विषय है. प्रबंधन ने बताया कि बच्चों के परिजनों के दबाव के कारण आरोपी टीचर को नौकरी से हटा दिया गया है.

# छग के आईएएस सर्वेश्वर भूरे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

### मुंबई में ज्वॉइंट टेक्सटाइल कमिश्नर की मिली पोस्टिंग, 3 साल का रहेगा कार्यकाल



**रायपुर, 25 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। वर्तमान में राजनांदगांव के कलेक्टर पद पर कार्यरत डॉ. सर्वेश?वर नरेंद्र भुरे ने पिछले साल भारत सरकार के टेक्सटाइल विभाग में ज्वॉइंट कमिश्नर के लिए आवेदन किया था। 19 सितंबर 2025 को केंद्र सरकार ने उन्हें ज्वॉइंट टेक्सटाइल कमिश्नर के रूप में मुंबई में पोस्टिंग देने की मंजूरी दी। इस पोस्टिंग के साथ ही डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे अब केंद्रीय मंत्रालय के अधीन काम करेंगे।

**कार्यमुक्त के लिए लिखा पत्र:** मुंबई स्थित टेक्सटाइल कमिश्नर ऑफिस में उनकी नियुक्ति सेंट्रल मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल डिपार्टमेंट के अंतर्गत होगी। इस संबंध में एडिशनल टेक्सटाइल कमिश्नर अजय पंडित ने सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर सर्वेश भूरे की पोस्टिंग की सूचना दी और उनके कार्यमुक्त होने का आग्रह किया है।

**तीन साल तक रहेगा कार्यकाल:** डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को इस केंद्रीय पद पर तीन साल का कार्यकाल मिलेगा। इसके बाद आवश्यकता और प्रदर्शन के आधार पर दो साल की अवधि और बढ़ाई जा सकती है। इससे पहले वे राजनांदगांव कलेक्टर के रूप में कार्यरत थे। उनके नेतृत्व में जिले में जलग्रहण मिशन सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन हुआ।

**सितंबर अंत तक होंगे रिलीव:** डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और महाराष्ट्र के निवासी हैं। उनके केंद्रीय पद पर जाने के बाद राज्य प्रशासन में बदलाव की संभावना है। बताया जा रहा है कि वे इस महीने के अंत तक राजनांदगांव से रिलीव होकर मुंबई में अपने नए पद का कार्यभार संभालेंगे।

### 185 मरीजों की जांच, महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष जोर

**रायपुर, 25 सितबंर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर चल रहे स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 24 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका आरंग की स्वास्थ्य सभापति श्रीमती भानमती राकेश सोनकर ने भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक डॉ. पामभोई और रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मिथलेश चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. पामभोई ने महिलाओं के स्वास्थ्य एवं संतुलित पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिला स्वस्थ होगी तो परिवार सशक्त बनेगा। वहीं, सीएमएचओ डॉ. चौधरी ने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी और मितानिन बहनों से गर्भवती महिलाओं एवं किशोरियों की शत-प्रतिशत स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### दुर्गोत्सव



रायपुर। आदर्श दुर्गोत्सव समिति आदर्श नगर में विराजित नवदुर्गा की मनमोहक प्रतिमा

**अभियान** 2.25 हेक्टेयर से बड़ी दलदली जमीन और तालाबों की वन विभाग कर रहा नाप-जोख

# सुप्रीम कोर्ट में 7 अक्टूबर को वेटलैंड की स्थिति पर पेश होगी रिपोर्ट

**रायपुर, 25 सितम्बर।** राज्य में 2.25 हेक्टेयर से बड़ी कितनी दलदली भूमि और तालाब यानी वेटलैंड? वन विभाग की टीम एक-एक तालाब और दलदली भूमि की लंबाई-चौड़ाई माप रहा है। हालांकि सेटेलाइट की मदद से 7700 से अधिक दलदली भूमि और तालाब की पहचान की गई जो 2.25 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्रफल के हैं। इनकी तस्वीर वर्ष 2017-18 की है। लिहाजा अब यह माप हो रही है कि इनकी स्थिति में कोई बदलाव तो नहीं हुआ। इसकी पूरी 7 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में पेश होगी। सुप्रीम कोर्ट में यह बताया जा सके कि 2017 या उसके पहले तालाब और दलदली भूमि किस स्थिति में थी? अब उनकी स्थिति में कितना बदलाव आया है? कितने तालाबों और दलदली भूमि में कब्जे हो गए हैं? कितना हिस्सा बाकी है? सुप्रीम कोर्ट की कमेटी एक-एक तालाब की स्थिति की समीक्षा करेगी। देशभर में दलदली भूमि या तालाब में पलने वाले जीव-जंतुओं और पक्षियों की सुरक्षा को लेकर नई गाइड लाइन बनायी जा रही है। इसके लिए कोर्ट की निगरानी में कमेटी का गठन किया गया है। तालाब और दलदली भूमि की लंबाई-चौड़ाई की माप से कमेटी के पास पूरे देश में वेटलैंड का डेटा उपलब्ध रहेगा। इससे तालाबों को कब्जों से बचाया जा सकेगा।

**राजधानी सहित प्रदेश के सभी जिलों में वेटलैंड पर कब्जे:** राजधानी सहित राज्य के कई जिलों में 2.25 हेक्टेयर से बड़ी दलदली भूमि और तालाब हैं। लेकिन कई तालाबों और दलदली भूमि में अवैध कब्जे हो चुके हैं। कई तालाबों का डिजाइन बदल गया है। वन विभाग के साथ अब राजस्व विभाग की टीम भी नापजोख करने उतरी है। वन मुख्यालय में हर जिले से रिपोर्ट मंगवायी जा रही है। हर जिले के अफसरों को तालाब व दलदली भूमि की सेटेलाइट इमेज भेजी जा रही है। उसी आधार पर नापजोख की जा रही है।



### 2010 में जारी की गई थी अधिसूचना

तालाबों और दलदली भूमि की सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में ही अधिसूचना जारी कर दी थी। कई राज्यों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उसके बाद 2017-18 में फिर अधिसूचना जारी कर सभी जिलों के वन विभाग के अफसरों को दलदली भूमि और तालाब की पहचान व सुरक्षा के निर्देश दिए गए। फिर भी आदेश पर अमल नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ में 2021-22 में वेटलैंड प्राधिकरण बनाया गया। उसके बाद से तालाबों व दलदली भूमि की सेटेलाइट से खोज की गई।

### आगे क्या

तालाबों और दलदली भूमि की नापजोख के बाद उनकी सूची तैयार की जाएगी। उस सूची में हर तालाब और दलदली भूमि की कुंडली होगी। ये उल्लेख भी होगा कि उसकी लंबाई-चौड़ाई कितनी है। नापजोख के बाद उसकी सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। तालाब या दलदली भूमि के 50 मीटर के दायरे में सभी तरह के निर्माण पर रोक लगाई जाएगी। ऐसा कोई प्रोजेक्ट नहीं लाया जाएगा जिससे तालाब या उसमें रहने वाले जीव-जंतुओं का जीवन संकट में पड़े।

### पूरी कवायद का मकसद

देश के कई राज्यों के तालाबों में देशी-विदेशी पक्षी अलग-अलग समय में प्रवास करने आते हैं। छत्तीसगढ़ में भी एक दर्जन से अधिक जगहों पर देशी-विदेशी पक्षी आते हैं। अवैध कब्जों के कारण तालाबों व दलदली भूमि का क्षेत्रफल लगातार कम हो रहा है। तालाबों के किनारे कब्जे कर लोग मकान बना रहे हैं। इन्हें रोकने के लिए ही गाइड लाइन बनाने पर काम किया जा रहा है।

## नवरात्र पर पद्मशाली समाज करेगा सामाजिक माता-बहनों का सम्मान



**रायपुर, 25 सितम्बर।** पद्मशाली समाज छत्तीसगढ़ रायपुर 5 अक्टूबर रविवार को सुबह 11 बजे पूरे छत्तीसगढ़ पद्मशाली समाज की सभी माता और बहनों का नारी शक्ति सम्मान एवं दीपावली के उपलक्ष में बनारसी साड़ी का उपहार दिया जाएगा जिसमें मुख्य स्थिति बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर, सुनील सोनी विधायक दक्षिण रायपुर, मीनल चौबे महापौर रायपुर के हाथों से पद्मशाली समाज के सभी एवं माता और बहनों को मातृशक्ति का सम्मान एवं दीपावली के उपलक्ष में बनारसी साड़ी का उपहार दिया जाएगा। यह जानकारी पद्मशाली समाज के अध्यक्ष गोपाल परसावार के द्वारा प्रेस को दी गई।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26